दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 10 सीकर, रविवार 08 मार्च 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

विशेष आलेख

## स्त्रीत्व का सम्मान ही नारी सशक्तिकरण का वास्तविक मार्ग

### स्त्रीत्व को मजबूत करना है, न कि स्त्री को पुरुष की तरह बनाना है

नवयत्न।



**हिमांशु सिंह**, जिला संयोजक, अखिल भारतीय साहित्य परिषद

भारत में नारी सशक्तिकरण और नारीवादी आंदोलनों ने पिछले कुछ दशकों में समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाने का कार्य किया है। इन आंदोलनों ने महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, राजनीति और सामाजिक जीवन में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और परिश्रम का प्रभावी परिचय दे रही हैं। भारतीय संस्कृति में सदैव नारी को शक्ति स्वरूपा माना गया है। धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में भी यह स्पष्ट उल्लेख है कि जब महिषासुर, मधु-कैटभ और शुंभ-निशुंभ जैसे दानवों के आतंक से देवता भी असहाय हो गए, तब शक्ति स्वरूपा देवी ने उनका संहार कर सृष्टि की रक्षा की। यह दर्शाता है कि भारतीय परंपरा में नारी केवल सहानुभूति का प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति, नेतृत्व और निर्णय क्षमता की प्रतीक भी रही है। फिर भी वर्तमान समय में यह बहस उभर रही है कि कहीं नारीवाद की दिशा ऐसी तो नहीं हो रही, जिसमें स्त्रीत्व के मूल गुणों को महत्व देने के बजाय महिलाओं को पुरुषों की तरह बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वास्तव में नारीवाद का उद्देश्य महिलाओं को पुरुषों के समान बनाना नहीं, बल्कि उन्हें समान अधिकार, सम्मान और अवसर प्रदान करना है। स्त्री और पुरुष प्रकृति के दो अलग-अलग किन्तु पूरक पक्ष हैं। दोनों की अपनी विशिष्ट भूमिकाएं हैं, जो समाज के संतुलन के लिए आवश्यक हैं। इसलिए स्त्री और पुरुष को प्रतिस्पर्धा की दौड़ में खड़ा करना न तो उचित है और न ही समाज के लिए लाभकारी।

भारतीय संस्कृति में स्त्री को शक्ति, करुणा, ममता और सृजन की प्रतीक माना गया है। स्त्रीत्व के ये गुण समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं, न कि कमजोरी। आवश्यकता इस बात की है कि इन गुणों का सम्मान किया जाए और उन्हें कमतर नहीं आंकना चाहिए।

स्त्री की संवेदनशीलता, धैर्य, सहनशीलता और सृजनशीलता समाज को मानवीय मूल्यों से जोड़कर रखती है। परिवार और समाज के संस्कारों को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित और जागरूक महिला न केवल अपने परिवार को बल्कि पूरे समाज को सकारात्मक दिशा दे सकती है।

घर का संचालन और परिवार की देखभाल करने वाली गृह संरक्षिकाओं के योगदान को भी कभी कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। उन्हें यह महसूस नहीं करवाना चाहिए कि वे कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं कर रही हैं। वास्तव में वे ही समाज की उस मूल संरचना को संभालती हैं, जिसके आधार पर आने वाली पीढ़ियों का निर्माण होता है।

प्राकृतिक रूप से महिलाओं की एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका यह भी रही है कि वे समाज की विरासत, संस्कृति और संस्कारों का हस्तांतरण नई पीढ़ी तक करती हैं। आने वाली पीढ़ी को संस्कारवान, जिम्मेदार और समृद्ध बनाना केवल जैविक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। यदि नई पीढ़ी नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ी होगी, तभी समाज का संतुलन और सभ्यता की निरंतरता बनी रह सकती है।

आज सोशल मीडिया की चकाचौंध और पश्चिमी जीवनशैली के अंधानुकरण के कारण कुछ भ्रम तेजी से फैल रहे हैं। कई बार यह संदेश दिया जाता है कि व्यक्ति को समाज या परिवार से कोई सरोकार नहीं होना चाहिए, संतान की जिम्मेदारी लेना आवश्यक नहीं है, और अकेले जीवन जीना ही आधुनिकता है। कुछ स्थानों पर यह धारणा भी बन रही है कि संतान एक बोझ है या बुजुर्ग 'प्राइवेसी' में बाधा हैं।

इस प्रकार की सोच समाज के मूल ढांचे को कमजोर कर सकती है। भारतीय सभ्यता हजारों वर्षों से पारिवारिक मूल्यों, आपसी सहयोग और पीढ़ियों के बीच संस्कारों के आदान-प्रदान के कारण अक्षुण्ण रही है। यदि परिवार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना कमजोर होगी, तो इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा।

ऐसे समय में महिलाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि महिलाएं अपने दायित्व और महत्व को समझते हुए परिवार, संस्कार और समाज के बीच संतुलन बनाए रखें, तो वे आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा दे सकती हैं।

पुरुषों का भी यह दायित्व बनता है कि वे अपने घर की कामकाजी महिलाओं का सहयोग करें और घर-परिवार की जिम्मेदारियों को साझा करें। वास्तव में नारी सशक्तिकरण का अर्थ यही है कि स्त्री अपनी शक्ति, संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता के साथ समाज को सकारात्मक दिशा देने में सक्षम बने।

समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब स्त्री और पुरुष दोनों एक-दूसरे की विशिष्टताओं का सम्मान करते हुए साथ आगे बढ़ें। नारी सशक्तिकरण का सही स्वरूप वही है जो स्त्रीत्व की गरिमा बनाए रखते हुए महिलाओं को सम्मान, अधिकार और अवसर दिलाने का मार्ग प्रशस्त करे। यदि हम इस संतुलन को समझ पाए, तो न केवल हमारा सामाजिक ढांचा मजबूत रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण हो सकेगा।

सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि कामकाजी महिलाओं को घरेलू कार्यों में परिवार का सहयोग मिले और परिवार का संचालन करने वाली गृह संरक्षिकाओं को भी समान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त हो, ताकि उन्हें कभी हीनभावना का अनुभव न हो।

# एयर कनेक्टिविटी से कोटा की गर्म कचौरी दिल्ली पहुंचेगी : सीएम शर्मा

### बिरला जी कहेंगे, जाइए गरमा-गरम बनवाकर लाइए

### कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास



कोटा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- कोटा में एयर कनेक्टिविटी होने पर यहां की गर्म कचौरी दिल्ली पहुंचेगी। बिरला जी (लोकसभा स्पीकर ओम बिरला) कहेंगे, जाइए गरमा-गरम बनवाकर लाइए। अब यह काम भी हो जाएगा। सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार को कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश सुनाया गया। पीएम मोदी ने कहा- आज का दिन कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़ सहित पूरे हाड़ौती क्षेत्र के लिए नई आशा और एक नई उपलब्धि का दिन है। कोटा शिक्षा का ही नहीं, ऊर्जा का भी केंद्र है। कार्यक्रम में नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना और परवन-अकावद वृहद पेयजल परियोजना के लिए भूमि पूजन भी किया।

#### मुझे बुलाकर पूछा कि कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट कब बनेगा

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा- कोटा राजस्थान का नहीं, भारत का एक बड़ा शहर है। पूरे देश के लोग कोटा से संबंध रखते हैं। कोटा की सड़क अच्छी है, यहां की रेल कनेक्टिविटी बहुत बेहतरीन है। लोकसभा स्पीकर का सपना था कि कोटा में एक शानदार ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बने, ताकि किसी के भी मन में जब कोटा आने की इच्छा हो तो वे सीधा उड़ान भरकर कोटा की धरती पर ही उतरें। मंत्री बनते ही लोकसभा स्पीकर ने मुझे बुलाकर पूछा कि कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट कब बनेगा। अगले 2 साल में अच्छी तरीके से कोटा की उड़ान पूरी होगी। यहां 1507 करोड़ की लागत से 20 हजार वर्ग मीटर का टर्मिनल भवन बनेगा। टर्मिनल में हाड़ौती की विरासत को दर्शाने का काम करेंगे, ताकि आने-जाने वालों को कोटा की झलक टर्मिनल से ही दिखनी शुरू हो जाए। साल 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। तब देश में 74 एयरपोर्ट थे, जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर 167 हो गए, मतलब दोगुना से भी ज्यादा। इसका मैंने दूसरी तरीके से कैलकुलेशन किया। कैलकुलेशन के मुताबिक हर 45 दिन में देश के प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट खोलने का काम किया है। यह विश्व के अन्य देशों में नहीं हो सकता। यह मोदी हैं तो मुमकिन है, और उन्होंने करके दिखाया है।

### कार्यक्रम में किसने क्या कहा, 4 बड़े बयान

#### 1. राजस्थान किस रफ्तार से आगे बढ़ रहा है

वीडियो संदेश में पीएम मोदी ने कहा- पिछले हफ्ते मुझे राजस्थान आने का मौका मिला था। अजमेर की पवित्र धरती से मैंने राजस्थान के विकास से जुड़े हजारों करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन किया। आज मुझे कोटा से जुड़े एक जरूरी प्रोजेक्ट को लॉन्च करने का मौका मिला है। एक ही हफ्ते में 2 बड़े डेवलपमेंट प्रोग्राम का होना दिखाता है कि राजस्थान किस रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

#### 2. पीएम ने जो वादा किया था, उसको पूरा किया

लोकसभा स्पीकरओम बिरला ने कहा- इस क्षेत्र के लोगों की ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की मांग थी। इसे लेकर लंबे समय तक अलग-अलग सरकारों में प्रयास हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोटा की धरती पर 2023 में जो वादा किया था, उसे पूरा किया।

#### 3. हर 45 दिन में प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट खोलने का काम किया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा- साल 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। तब देश में 74 एयरपोर्ट थे, जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर 167 हो गए, मतलब दोगुना से भी ज्यादा। इसका मैंने दूसरी तरीके से कैलकुलेशन किया। कैलकुलेशन के मुताबिक, हर 45 दिन में देश के प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट खोलने का काम किया है।

#### 4.सरकार मगरमच्छों की तरफ भी धीरे-धीरे बढ़ रही

सीएम भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- पहले पेपर चोरी और लीक होते थे, जिससे युवाओं और उनके परिवारों के सपने टूट जाते थे। हमारी सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं होने दिया। कांग्रेस राज में अपनों को नौकरियां मिल जाती थीं, जिसके चलते 400 से ज्यादा लोग जेल गए हैं। हमारी सरकार मगरमच्छों की तरफ भी धीरे-धीरे बढ़ रही है, जिनमें से कुछ को पकड़ लिया गया है और कुछ आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा, चाहे वह कितना भी बड़ा मगरमच्छ हो, उसे जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

#### नौनेरा वृहद और परवन-अकावद वृहद पेयजल परियोजना के लिए भूमि पूजन

नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना और परवन-अकावद वृहद पेयजल परियोजना के लिए भूमि पूजन भी किया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1661.14 करोड़ की नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना से कोटा और बूंदी जिलों के 749 गांवों और 6 कस्बों (कोटा जिले के 384 गांव, 3 कस्बे और बूंदी जिले के 365 गांव,3 कस्बे) के 1 लाख 13 हजार 287 परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उपलब्ध करवाया जाएगा। वर्तमान में नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना को 4 कार्यकारी पैकेजों में बांटा गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बारां, कोटा और झालावाड़ जिलों के 1402 गांवों, 276 ढाणियों के 1 लाख 52 हजार 437 परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उपलब्ध करवाने के लिए परवन अकावद वृहद पेयजल परियोजना में 3523.16 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की गई।

#### कोटा की कचौरी दिल्ली में गरम-गरम पहुंचेगी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी कोटा की धरती पर कह कर गए थे, कि कोटा में एयरपोर्ट बनेगा। यह मोदी जी है कोटा में एयरपोर्ट बनेगा। जो कहते हैं वह करते हैं और जो करते हैं वही कहते हैं। कोटा की गरम-गरम कचौरी बिरला जी आपके पास पहुंचेगी। क्योंकि जब एयर कनेक्टिविटी हो जाएगी तो आप कहेंगे, जाइए गरमा-गरम बनवाकर कर लाइए, यह काम भी हमारा होने वाला है। सीएम ने कहा आने वाले समय में कोटा उद्योग का हब बनने वाला है। एयरपोर्ट के साथ यहां इंडस्ट्री भी बढ़ेगी। आज कोटा में लाल ही लाल आ गए मैं तो कहता हूं ओम बिरला जी कोटा के लाल है। हाड़ौती में नौनेरा, परवन अकावद पेयजल योजना का काम चल रहा। हमारा लक्ष्य हर घर पेयजल हर खेत तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। साल 2027 में किसानों को दिन में बिजली देने का लक्ष्य तय किया। हमने 2 साल में 8261 मेगावाट बिजली पैदा करके बताई है।

## यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी थाड़ डिफेंस-सिस्टम पर ईरानी हमला

### जॉर्डन वाला सिस्टम तबाह, कीमत 22 हजार करोड़

तेल अवीव/तेहरान।



अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज आठवां दिन है। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड़) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे थाड़ का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक थाड़ सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड़ के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड़ सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थाड़ सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है।

#### ईरान का युद्धपोत भारत में रुका

ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है।ृद्ध ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।

#### इजराइल-ईरान जंग से जुड़े बड़े अपडेट्स

- इजराइल को लगभग 151.8 मिलियन डॉलर के हथियार देगा अमेरिका।
- ट्रम्प ने अयातुल्लाह अली खामेनेई के बेटे मुजतबा को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया।
- यूएस-इजराइल हमलों में ईरान में 1484 की मौत।
- ईरान में 1300 हमले, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने।
- ईरान में कई जगह पानी-बिजली की सप्लाई ठप।
- दावा- ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह।
- ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान।

#### लंदन में ईरान पर हमलों के खिलाफ हजारों लोगों का प्रदर्शन

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हजारों लोगों ने ईरान पर हो रहे हमलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस के मुताबिक इस मार्च में करीब 5,000 से 6,000 लोग शामिल हुए। लोगों ने मिलबैंक से मार्च शुरू किया और अमेरिकी एंबेसी की तरफ बढ़े। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि ईरान पर बमबारी बंद की जाए।

#### जंग में इजराइल के 1700 से ज्यादा लोग घायल

इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जंग शुरू होने के बाद से अब तक 1765 घायलों को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। इनमें से 118 लोग अभी भी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

#### ट्रम्प बोले- ईरान अब दबंग नहीं, बल्कि लूजर बन गया

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज ईरान को बहुत भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान अब मिडिल ईस्ट का दबंग नहीं, बल्कि लूजर बन गया है।**

## बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से : पहले दिन ही आएगा लोकसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव, भाजपा-कांग्रेस ने व्हिप जारी किया

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। आरोप है कि स्पीकर बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाने में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और विपक्षी नेताओं को बोलने का मौका नहीं दिया। नियमों के अनुसार स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव लोकसभा में साधारण बहुमत से पारित होता है। मौजूदा लोकसभा में एनडीए के पास करीब 290 से अधिक सांसदों का समर्थन है, इसलिए प्रस्ताव पारित होना कठिन है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्पीकर स्वयं सदन की अध्यक्षता नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें अपना पक्ष रखने और मतदान करने का अधिकार होगा।

## एमएचएस वर्ल्ड स्कूल के नए परिसर का उद्घाटन आज

सुरेंद्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर शहर के पिपराली सर्किल स्थित एमएचएस वर्ल्ड स्कूल के नए परिसर का भव्य उद्घाटन 8 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के शिक्षाविद, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक आमंत्रित रहेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार उद्घाटन समारोह रविवार 8 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी सुमेधानंद सरस्वती पूर्व सांसद सीकर उपस्थित रहेंगे है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर का औपचारिक उद्घाटन, अतिथियों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विद्यालय की शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। प्रबंधन ने बताया कि एमएचएस वर्ल्ड स्कूल प्री-फाउंडेशन एवं आरबीएसई पाठ्यक्रम के साथ विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और संस्कार आधारित वातावरण प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। विद्यालय का नया परिसर पिपराली सर्किल के पास साकेत सिटी के निकट स्थित है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षा से




जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर इस शुभ अवसर को सफल बनाने की अपील की है।विद्यालय के अनुसार कार्यक्रम स्थल का पता पिपराली सर्किल के पास साकेत सिटी के निकट है तथा अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9216061999 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कोबरी-सार



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रेरणा सम्मान समारोह आयोजित

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल सरदारशहर द्वारा गृहलक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत प्रेरणा सम्मान समारोह एनजीओ मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं और सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान महिला मंडल सरदारशहर की अध्यक्षा शांति चिंडालिया ने बताया कि समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं, समाजसेवियों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणा गीत एवं स्वागत भाषण से हुई, जिसके बाद समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को दुप्पटा पहनाकर व सर्टिफिकेट देकर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता से नई पहचान बना रही हैं। गृहलक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं एनजीओ के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अनुभव साझा किए। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। यह समारोह महिला शक्ति के सम्मान और समाज में उनके योगदान को रेखांकित करने वाला प्रेरणादायी आयोजन साबित हुआ। इस दौरान महिला मंडल सरदारशहर की अध्यक्षा शांति चिंडालिया, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा अनुराधा चाण्डक, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश सचीव मीनाक्षी अग्रवाल, कानीदेवी काडूराम सेवा संस्थान की कृष्णा वर्मा, चिकित्सा संबंधित कार्यों में योगदान दे रहीं गायत्री देवी शर्मा व पंचायत समिति सदस्य सरोज कंवर ने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर विमला दूगड़ को प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया । जानकारी के अनुसार विमला दूगड़ की पावन प्रेरणा से उनकी संतान ने तेरापंथ धर्मसंघ में दीक्षा ग्रहण कर संयम पथ को अपनाया है।

कार्यक्रम में उपाध्यक्षा मंजू देवी सेठिया, वीणा बुच्चा, कोषाध्यक्ष झिण्कार छाजेड़, मंत्री मनीषा बैद, उपमंत्री पदमा दूगड़ व प्रचार प्रसार मंत्री भारती नाहटा, साक्षी चिंडालिया आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की गरिमयी उपस्थिती रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन महिला मंडल की मंत्री मनीषा बैद, द्वारा किया गया।


## स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 की तैयारियों पर निगम आयुक्त की मैराथन बैठक



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शनिवार को निगम मुख्यालय में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर सभी जोन व मुख्यालय के उपायुक्तों, अधिशासी अभियंताओं और संबंधित अधिकारियों की मैराथन बैठक ली। चार घंटे से अधिक चली बैठक में पीपीटी के माध्यम से स्वच्छता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विजिबल क्लीनलीनेस, सीएनडी वेस्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उद्यानों की सफाई व रखरखाव, निर्माणाधीन मकानों पर ग्रीन नेट लगाने, रेड व येलो स्पॉट की सफाई तथा स्ट्रीट वेंडिंग जोन में कचरा पात्र रखने जैसे विषयों पर समीक्षा की गई। आयुक्त सैनी ने अधिकारियों से कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर काम करना होगा। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन हब, कमर्शियल क्षेत्रों, बैकलेन, शैक्षणिक संस्थानों, पर्यटन स्थलों और रिहायशी इलाकों में विजिबल क्लीनलीनेस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कमर्शियल स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था, निर्माणाधीन मकानों पर ग्रीन नेट नहीं होने पर कार्रवाई तथा अवैध-अस्थायी अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी निर्धारित ड्रेस व आईडी कार्ड के साथ कार्य करें और किसी भी जोन में खुले कचरा डिपो नहीं होने चाहिए।

## रोड पर जल भराव से हो रही परेशानी



निसं

**चिड़ासन (नवयत्न)।** क्षेत्र के चनाना गाँव मुख्य सड़क जहाँ से दिन में हजारों की संख्या में वाहन व बसें गुजरती है। मोहल्ले के अंदर से नालियां टूटी होने के कारण सारा पानी मुख्य सड़क पर भर जाता है जिसके चलते घरों से निकलने वाला पानी रास्ते के बीचोंबीच फेल जाता है। जल बहाव के साथ आई हुई मिट्टी सड़क पर आने पर पानी मिट्टी आपस में वाहनों के कारण से घुल मिल जाने से मिट्टी चिकनी होने से फिसलन हो जाती है। इस मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक, बाइक सवार, राहगीर व स्कूली बच्चे गुजरते है तो फिसलन के कारण चोटिल हो जाते है। यहां पर आए दिन कोई न कोई बाइक सवार गिरकर दुर्घटना का शिकार हो जाता है। पंचायत प्रशासक को ग्रामीणों ने अवगत कराया कि मोहल्ले में नालियां बनवाकर सड़क मार्ग से न होकर नालियों से गंदे पानी की निकासी की जाए।

## मील ने जरूरतमंद रोगी के लिए किया 163 वीं बार रक्तदान



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर के युवा रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने के साथ-साथ जरूरतमंद रोगियों के लिए भी हर समय रक्तदान के लिए तत्पर रहते हैं। श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ब्लड सेंटर चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र सैनी ने बताया कि नवलगढ़ क्षेत्र निवासी प्लास्टिक एनीमिया रोगी बालिका जो कि जनाना अस्पताल में भर्ती है को जरूरत पड़ने पर सुधीर महरिया स्मृति संस्थान एवं यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज डायरेक्टर ग्राम केशरनगर, कोलीड़ा निवासी बीएल मील ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंच कर 163 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की है। मील ने वर्ष 2023 में 1 वर्ष के दौरान प्लेटलेट सहित 25 बार रक्तदान कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है तथा राजस्थान में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाली सूची में शामिल हैं।

## राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन में महिला सुरक्षा पर होगा मंथन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस की ओर से आगामी मंगलवार को एक भव्य राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सिविल राइट्स एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग कार्यालय द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह कार्यक्रम जयपुर स्थित एचसीएम रीपा के भगवत सिंह मेहता सभागार में प्रात: 9:30 बजे से आयोजित होगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं एएचटी लता मनोज कुमार ने बताया कि इस गरिमामयी सम्मेलन के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा होंगे। इसके साथ ही महिला सुरक्षा के आधुनिक पहलुओं पर चर्चा के लिए सम्मेलन को तीन महत्वपूर्ण सत्रों में बांटा गया है। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डीजीपी शर्मा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को अवार्ड्स और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसके पश्चात वे उपस्थित अधिकारियों और सहभागियों को संबोधित भी करेंगे। द्वितीय सत्र में उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम विकास शर्मा द्वारा साइबर सुरक्षा विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा, ताकि डिजिटल युग में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। तृतीय सत्र में इस सत्र का मुख्य विषय नवीन आपराधिक कानून में महिला सुरक्षा रखा गया है। इस पर उप महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी सीबी दीपक भार्गव अपना प्रस्तुतिकरण और उद्बोधन देंगे। वहीं कार्यक्रम के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां तय कर दी गई हैं। उप महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स श्वेता धनखड़ को पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का प्रभारी बनाया गया है। सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए अतिथियों का स्वागत ग्रीन स्वागत के तहत पौधों से किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले सहभागियों के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी में ठहरने और भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है।

## बैठक कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** महिलाओं की सुरक्षा और उनसे जुड़े मामलों की प्रभावी निगरानी को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर सोमवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक लेगी। यह महत्वपूर्ण बैठक दोपहर 1 बजे आयोजित होगी। जिसमें पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## नवलगढ़-चिड़ावा प्रस्तावित रूट पर रोडवेज का संचालन अभी तक नहीं




निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** बालाजी, छऊ, बुगाला के लोगों ने नवलगढ़ से चिढ़ावा प्रस्तावित मार्ग पर रोडवेज बस का संचालन शीघ्र शुरू करने की मांग की है। डॉ सुरेंद्र सोनी व बलबीर जांगिड़ ने बताया कि बजट सत्र में नवलगढ़ से चिड़ावा वाया बड़वासी, जाखल, बुगाला, छऊ, ऊबली बालाजी, छावसरी, केड, भाटीवाड, सोलाना, सुल्ताना,अरड़ावता मार्ग पर ग्रामीण बस चलाने का प्रस्ताव था। परन्तु अभी तक इस रूट पर बस का संचालन शुरू नहीं हुआ है। इस बस के शुरू होने से 2 दर्जन से अधिक गांव रोड़वेज सेवा से जुड़ जाएंगे। वही बस में राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों, महिलाओं और वृद्धजनों के लिए किराए में छूट की योजना का भी लाभ भी मिलेगा।

# दिन में रेवड़ चराने वाली बालिका रात को पढ़कर बनी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता

रामावतार सोनी



**बुगाला (नवयत्न)।** बीणादास की ढाणी तन कारी में रामकुमार साँखला की अनपढ़ बेटी इंदिरा अपनी मेहनत के बलबूते पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता बन गई। पहले माली समाज में बालिकाओं की शिक्षा की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता था, अत:यह बालिका भेड़-बकरियां चराने जाती थी।

रात में इसके अग्रज अध्ययन करते तो वह उनके पास आकर बैठ जाती थी। फिर उसने भी अपने भ्राता के समक्ष पढ़ाई करने की मंशा जाहिर की तो उसने पाटी-बरता थमा लिया। दिन में रेवड़ चराना और देर रात तक वर्णमाला, बारहखड़ी एवं गिनती-पहाड़े सीखना यह उसका क्रम अनवरत चलता रहा। थोड़े ही दिनों में वह पुस्तक पढ़ना, वाक्य लिखना, पहाड़े, जोड़, बाकी, गुणा, भाग आदि गणित की मूलभूत क्रियाएं सीख गई। माता-पिता की सहमती से उसको कक्षा पांच की परीक्षा स्वयंपाठी के रुप में दिलवाई गयी और वह अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुई। तत्पश्चात इस बालिका ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। राउप्रा विद्यालय गुसाईयों की ढाणी में कक्षा छ: में प्रवेश ले लिया। कठोर परिश्रम एवं लगन से उसने असंभव को भी संभव कर दिखाया। मास्टर महेन्द्र सैनी के सानिध्य में बालिका को कक्षा आठ में राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा एकांकी दहेज की दीवार लेखन में परदेशी पुरस्कार मिला जो गीतकार हरीश भादानी द्वारा दिया गया। अब तो वह साहित्य सलिला में गोते लगाने लगी। माध्यमिक कक्षा में पढ़ते हुए उसने राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर की नवोदित प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत एकांकी सगपण रिसवत पर अकादमी के वार्षिक सम्मान समारोह में तत्कालीन विधान सभाध्यक्ष सुमित्रासिंह द्वारा सम्मान किया गया। इस कड़ी में राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में पर्यावरण विभाग राजस्थान सरकार द्वारा प्रशंसा-पत्र दिया गया। संस्कार एवं संगीत की तालीम उसे अपनी माता से विरासत में मिली थी। उच्च माध्यमिक शिक्षा एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण उसने अपने गृहस्थ जीवन में रहते हुए पूर्ण कर लिया था। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान एवं जाटव जोहड़ संरक्षण समिति कारी के तत्वावधान में महाशिवरात्रि मेले में आयोजित ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान 2003 में इंदिरा की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं सराहनीय रही। मात्र 5 वर्ष ही राजकीय सेवा पूर्ण कर पाई थी कि पोलियो ड्यूटी से लौटते समय अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होने पर उनका असामयिक निधन हो गया। उनकी माता अपनी आयु के 99 बसंत देख चुकीं है। जब वह अपनी होनहार बेटी को याद कर लेती है तो आंखे नम हो उठती हैं। उसका त्याग एवं समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

## ओडीओपी कार्यशाला में दी उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** राज्य सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं में प्रदत परिलाभों की जानकारी देने हेतु जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा राजकीय आईटीआई, चूरू में ओडीओपी कार्यशाला का आयोजन किया। उद्योग महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 अन्तर्गत मिलने वाले परिलाभों जैसे स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कन्वर्जन चार्जेज में छूट, निवेश अनुदान, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट, मण्डी फीस पुनर्भरण, ब्याज अनुदान आदि के संबंध में जानकारी दी तथा राज्य में विभिन्न सेक्टर्स में निवेश को बढ़ावा देने एवं रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु सरकार द्वारा जारी की गई ऋण योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी योजना तथा राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी 2024, राजस्थान ओडीओपी पॉलिसी 2024 एवं राजस्थान निर्यात संवर्द्धन पॉलिसी 2024 द्वारा मिलने वाले परिलाभ जैसे मार्केटिंग असिस्टेंट, ई-कॉमर्स रजिस्ट्रेशन ध्वेबसाईट डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी एक्वीजिशन आदि के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई एवं योजनाओं में आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज के संबंध में भी आगन्तुकों को अवगत करवाया। एलडीएम राहुल गोले ने योजनाओं में प्राप्त आवेदनों पर बैंक की प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। धर्मेन्द्र बुडानिया ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला में संस्थान के छात्र-छात्राओं सहित राजकुमार, इरशाद, रवि, महावीर सिंह, अनिल कुमार सैनी, रीटा दानोदिया आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समारोह आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह 8 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करने वाले व्यक्तिगत एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 का पहला गाना छाप तिलक रिलीज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 का पहला गाना छाप तिलक रिलीज हो गया है। पारंपरिक संगीत और मॉडर्न बीट्स का मेल इसे एक ऊर्जावान डांस ट्रैक बनाता है। गाने में अविनाश तिवारी, मेधा शंकर और पैराडॉक्स की केमिस्ट्री और मजेदार हुक स्टेप देखने को मिलता है। यह गाना सिंगर-कंपोजर हीर का बॉलीवुड डेब्यू भी है। गाने को अमान नूर ने कंपोज किया है और बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। जबकि पैराडॉक्स का रैप इसे मॉडर्न टच देता है। अविनाश तिवारी ने कहा कि छाप तिलक फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने वाला गाना है। उम्मीद है यह लोगों की प्लेलिस्ट में भी खास जगह बनाएगा। मेधा शंकर ने कहा कि यह फिल्म का पहला गाना है और इसकी ऊर्जा बहुत खास है। मुझे यकीन है कि यह इस सीज़न का बड़ा डांस ट्रैक बनेगा। जानकारी के अनुसार गिन्नी वेड्स सनी 2 को स्टूडियोज और साउंड्र्या प्रोडक्शन प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म के निर्माता विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल हैं, जबकि इसे प्रशांत झा ने लिखा और निर्देशित किया है।

## संभागीय आयुक्त ने ईएसएम रैली की तैयारियों का लिया जायजा



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** संभागीय आयुक्त विश्राम मीना शनिवार को चूरू पहुंचे और जिला खेल स्टेडियम में रविवार को आयोजित होने वाली ईएसएम रैली की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ स्टेडियम परिसर का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली व अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि रैली में आने वाले पूर्व सैनिकों एवं प्रतिभागियों के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने पंजीकरण व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा तथा यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि रैली को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बेतहरीन प्रशासनिक प्रबंधन, विभागीय कार्यों के संपादन और सैन्य अधिकारियों के समन्वय से समयबद्ध ढंग से सभी गतिविधियां आयोजित किए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने संभागीय आयुक्त को रैली की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने पुलिस जवानों की तैनाती सहित सुरक्षा इंतजामों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी सुनील कुमार सहित जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भोजन का करें आदर, थाली में उतना ही लें जितना आवश्यक : गोदारा

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य, जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में सात दिवसीय कब मास्टर फ्लॉक लीडर बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गीतांजलि फार्म हाउस, हमीरी जिला झुंझुनू में किया जा रहा है। शिविर में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीतराम गोदारा तथा पूर्व कृषि सलाहकार जयपाल सिंह का स्काउट परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। डीईओ स्काउट प्रदीप कुमार ईशरवाल ने अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पीतराम गोदारा ने भोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी को भोजन का सम्मान करना चाहिए और थाली में उतना ही लेना चाहिए, जितना खाया जा सके, ताकि अन्न की बर्बादी न हो। उन्होंने कहा कि भोजन का अपमान करना प्रकृति और किसान के परिश्रम का अनादर है। पूर्व कृषि सलाहकार जयपाल सिंह ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुसार मेहनत और तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। वहीं पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जानकारी देते हुए बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मंडावा ब्लॉक उपाध्यक्ष सतवीर पूनिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापिका मीरा ईशरवाल, चंचल, शुभम, रवींद्र, पिंकू सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर ने किया।

# सिंघानिया परिवार ने गौशाला को दिया 1 लाख 31 हजार का सहयोग

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** गांव की गोसेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सिंघानिया परिवार ने पं गणेशनारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला को 1 लाख 30 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया है। इसके अलावा विजेंद्रकुमार व ठेकेदार सुरेश कुमार बुगालिया ने 51 हजार रुपए, मघाराम ओळख व नरेंद्रकुमार पुत्र देवकरण सिंह ने 21-21हजार, बनवारीलाल ओळख व मंगलाराम बुगालिया, रामनाथ धायल, घायलों का बास ने 11-11 हजार, सरदारा राम बुगालिया, बनवारीलाल मेघवाल, धीरसिंह ओळख, महेश शर्मा, राजेंद्र व फूलचंद ओळख, भगवानाराम स्वामी, जगदीश प्रसाद ढाका ने 5100-5100 रुपए गोशाला को दिए। गोशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह राशि गोवंश की सेवा, चारा-पानी और गोशाला के रख-रखाव के कार्यों में उपयोग की जाएगी। गौभक्तों द्वारा दी गई इस सहयोग राशि पर गोशाला समिति के सदस्यों ने उनका आभार जताया और कहा कि समाज के सहयोग से ही गोशालाओं का संचालन सुचारू रूप से संभव हो पाता है। इस अवसर पर गोशाला से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे दान से गोसेवा कार्यों को मजबूती मिलती है और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। गोशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया, विजयपाल सिंह व कार्यकारिणी सदस्यों ने आभार प्रकट किया है।

# होली स्नेह मिलन समारोह में दिखी राजस्थान की लोक संस्कृति, चंग-ढ़ाप पर झूमे लोग

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश मीडिया विभाग की ओर से जयपुर जनपथ स्थित यूथ हॉस्टल में होली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और पत्रकार साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पारंपरिक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। इस कार्यक्रम में शेखावाटी के कलाकारों द्वारा चंग और ढाप की धमाल प्रस्तुत की जिसने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और अतिथियों ने भी खूब आनंद लिया। समारोह के दौरान फूलों की होली खेली गई और भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने सभी अतिथियों पर पुष्प वर्षा कर वातावरण को होली के रंगों से सराबोर कर दिया। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकार साथियों से संवाद करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भूपेंद्र सैनी, मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री डॉ अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, नारायण मीणा, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित प्रदेश के अनेक प्रवक्ता, पैनलिस्ट, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों और पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लेकर होली के इस स्नेह मिलन को यादगार बना दिया।

## पुलिस कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को विद्याधर नगर थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर द्वितीय बजरंग सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर एवं कोतवाली व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमे, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान शास्त्री नगर सर्किल के शास्त्री नगर विद्याधर नगर एवं भट्टा बस्ती के थानों के साथ कोतवाली सर्किल के कोतवाली, जालूपूरा, संजय सर्किल एवं नाहरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर एवं पुलिस थाना शिप्रापथ में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा स्व. प्रतापसिंह सिंघी की पुण्य स्मृति में भामाशाह कमला सिंघी के सौजन्य से आयोजित हुए निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन शनिवार को हुआ। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में 33 नेत्र रोगियों के सफल लेंस प्रत्यारोपण नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में निःशुल्क किए गए और ऑपरेशन हुए रोगियों को निःशुल्क दवा व चश्मे दिए गए। इस अवसर पर क्लब सचिव महावीर मीरनका, गोपाल चोटिया, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, पूसाराम, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

## गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सियासी पारा गर्म, महिलाओं में रोष

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** एक तरफ पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की गिरती कीमतों से राहत की उम्मीद लगाए बैठा था, वहीं सरकारी तेल कंपनियों ने एक बार फिर घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में भारी उछाल देकर आम आदमी की कमर तोड़ दी है। इस फैसले के खिलाफअब सियासी पारा गरम हो गया है और सड़क से लेकर संगठनों तक में रोष के स्वर उठने लगे हैं।

### जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा कदम

राजस्थान जन जागरण मंच के संयोजक चौधरी मामराज सिंह ने इस बढ़ोतरी को जनता के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरकर काफी नीचे आ गई थीं, तब भी पिछले दस सालों में तेल कंपनियों ने आम जनता को कोई राहत नहीं दी। अब जैसे ही बाजार में मामूली उछाल आया, सीधे उपभोक्ताओं पर भारी बोझ डाल दिया गया। उन्होंने इसे महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा कदम बताया।

### महिलाओं में रोष, बोली-फिर जलाने होंगे चूल्हे

मंच की बैठक में चम्पा बाजोर ने महिलाओं की पीड़ा को मुखरता से उठाया। उन्होंने कहा कि आम महिलाएं पहले से ही बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। ऐसे में रसोई गैस के दाम बढ़ने से घर का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अगर गैस के दाम ऐसे ही बढ़ते रहे, तो गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं को मजबूरन फिर से चूल्हे और लकड़ी का सहारा लेना पड़ेगा, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

### मंच ने की दाम वापस लेने की मांग

बैठक को संबोधित करते हुए मोहन बाजोर, टोडरमल और हरलाल सिंह सुंडा ने कहा कि तेल कंपनियों ने पिछले एक दशक में रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि कंपनियां आम जनता पर बोझ डालने के बजाय राहत देने का प्रयास करें। राजस्थान जन जागरण मंच ने एकजुट होकर सरकार से मांग की है कि गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दाम तुरंत प्रभाव से वापस लिए जाएं, ताकि आम आदमी को सीधी राहत मिल सके। मंच ने चेतावनी दी है कि अगर यह फैसला वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

## बेटी को घोड़ी पर बैठाकर निकाली बिंदौरी, दिया समानता का संदेश

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** मानोता कलां ग्राम पंचायत के भजनावाला की ढाणी निवासी कैलाश कसाना ने समाज को एक सकारात्मक संदेश देते हुए अपनी बेटी को घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बिंदौरी निकाली। इस अनोखी पहल के माध्यम से उन्होंने बेटा-बेटी में समानता का संदेश दिया। कैलाश कसाना बिजली विभाग में कार्यरत हैं, उन्होंने बताया कि पहले समाज में बेटा-बेटी के बीच फर्क किया जाता था और बेटियों को बोझ समझकर कम उम्र में ही उनकी शादी कर दी जाती थी लेकिन अब समय बदल रहा है और बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। बेटियां किसी से कम नहीं होती। उन्हें शिक्षा, सम्मान और अवसर मिले तो वे परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। बेटा-बेटी में भेदभाव समाप्त कर दोनों को समान अवसर देना ही सशक्त समाज की पहचान है। इसी सोच के साथ उन्होंने अपनी बेटी मोनिका को शिक्षित किया और बेटे की तरह घोड़ी पर बैठाकर बिंदोरी निकालते हुए समाज को सकारात्मक संदेश दिया। कैलाश कसाना की इस पहल की ग्रामीणों और समाज के लोगों ने सराहना की।

# पशु विकास दिवस से राजस्थान में 15,600 पशुओं को उपचार, 3500 परिवारों को लाभ

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** अग्रणी एनबीएफसी एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी पशु कल्याण और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी पहल पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल आयोजन किया। सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति थीम पर आधारित इस पहल का उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य, परिवारों के कल्याण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। राजस्थान में इस कार्यक्रम का आयोजन 45 स्थानों पर किया गया, जहां करीब 15,600 पशुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं और 3500 से अधिक परिवारों को लाभ मिला। शिविरों में स्थानीय पशु चिकित्सकों ने पशुओं की निःशुल्क जांच, टीकाकरण और दवाइयों का वितरण किया तथा दुधारू पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को मार्गदर्शन दिया। देशभर में आयोजित इस पहल के तहत 1.55 लाख से अधिक लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। लगभग 1.4 लाख पशुओं का उपचार किया गया और 14 हजार से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग मिला, जिससे 30 हजार से अधिक परिवारों को लाभ हुआ। यह कार्यक्रम 16 राज्यों में 510 एसएमएफजी ग्रामशक्ति शाखाओं के माध्यम से आयोजित किया गया। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ रवि नारायणन ने कहा कि ग्रामीण भारत में पशुओं का स्वास्थ्य, परिवारों की सुरक्षा और आर्थिक प्रगति एक-दूसरे से जुड़े हैं। पशु विकास दिवस के माध्यम से कंपनी पशु देखभाल, आजीविका सशक्तिकरण और समुदायों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# महिला दिवस पर ग्रामीण महिलाएं बनीं सौर उद्यमी, प्रशिक्षण पूरा कर संभालेंगी ऊर्जा की जिम्मेदारी

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिंदी इंटरनेशनल ने दस ग्रामीण महिला सौर प्रशिक्षुओं का स्नातक समारोह आयोजित किया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम गिव टू गेंन रही, जिसका उद्देश्य महिलाओं में निवेश के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बदलाव को बढ़ावा देना है। इस बैच में राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों से पाँच और नागालैंड से पाँच महिलाओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पाँच माह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रशिक्षण में सौर तकनीक की स्थापना व रखरखाव, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता तथा व्यक्तिगत सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल थे, ताकि महिलाएं अपने समुदायों में सौर तकनीशियन और उद्यमी के रूप में कार्य कर सकें। समारोह की शुरुआत प्रशिक्षुओं द्वारा सौर दीप प्रज्वलित कर की गई, जो उनके शिक्षार्थी से नेतृत्वकर्ता बनने की यात्रा का प्रतीक था। इस दौरान राजस्थान की प्रशिक्षु श्वेता और नागालैंड की नाशी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें तकनीकी कौशल के साथ आत्मविश्वास भी मिला है, जिससे वे अपने समुदाय के विकास में योगदान दे सकेंगी। कार्यक्रम में श्विमेन जर्नी सर्कल का आयोजन भी किया गया, जहाँ महिलाओं ने सामाजिक बाधाओं और आत्म.संदेह को पार करने की अपनी यात्रा साझा की। नाट्य प्रस्तुति और राजस्थान व नागालैंड की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को जीवंत बना दिया।

## शिक्षकों के स्थानांतरण व पदोन्नतियां शीघ्र हों : शिक्षक संघ राष्ट्रीय



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने शिक्षा मंत्री मदन लाल दिलावर के साथ हुई वार्ता में शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा और प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण व पदोन्नतियां जल्द की जाएं तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों की लंबित पदोन्नतियों के लिए सरकार उच्चतम न्यायालय में शीघ्र पैरवी करे। संगठन ने अध्यापक पात्रता परीक्षा टीईटी से जुड़े मामले में पुनर्विचार याचिका दायर करने, संविदा शिक्षकों के स्थायीकरण, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पद भरने तथा प्रदेश के विद्यालयों में स्टाफिंग पैटर्न लागू कर एक लाख से अधिक पद स्वीकृत करने की मांग भी रखी। प्रदेश महामंत्री लखारा ने कहा कि शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश को 45 दिन से घटाकर 36 दिन करने का प्रस्ताव अव्यावहारिक है और इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही इंटर्नशिप अवधि के वेतन वसूली प्रस्ताव को निरस्त कर शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। संगठन ने टीएसपी से नॉन टीएसपी में नियुक्त शिक्षकों को गृह जिले में लगाने, समसा के पद भरने, मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना पर लगी रोक हटाने तथा विद्यालयों को मिलने वाली ग्रांट समय पर जारी करने का भी सुझाव दिया। इसके अलावा विद्यालयों को बिजली बिल से मुक्त करने के लिए सोलर प्लांट लगाने और जिला मुख्यालयों पर शिक्षक भवन बनाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में शिक्षा मंत्री के आग्रह पर शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने बच्चों को राजकीय विद्यालयों में पढ़ाने और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## नॉर्थ इंडिया इंटरनेशनल कॉफेंस में सामाजिक उद्यमिता पर हुआ मंथन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट जयपुर तथा इंडिया डेवलपमेंट कोएलिशन ऑफ अमेरिका के संयुक्त तत्वावधान में पंद्रहवीं नॉर्थ इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय प्रमोटिंग सोशल एन्टरप्रिन्योरशिप टू मिटिगेट पॉवर्टी एण्ड क्लाईमेट चेंज रहा। दो दिवसीय इस सम्मेलन में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, सामाजिक उद्यमियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लेकर सतत विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श किया। उद्घाटन सत्र में संस्थान की प्राचार्या प्रो. मंजू नायर ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक उद्यमिता आज के समय में समाज की जटिल समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। उन्होंने शिक्षा संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए युवाओं को सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. मोहन जैन, संस्थापक एवं ट्रस्टी, आईडीसीए ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आईडीसीए पिछले कई वर्षों से भारत में सामाजिक विकास, उद्यमिता और सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

## 551 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री साईं नाथ सेवा धाम समिति के तत्वावधान में श्री साईं बाबा के 20वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का शुभारंभ शनिवार को 551 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। आदर्श नगर के भाटिया भवन से बैंड-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर मांगलिक कलश लेकर चल रही थीं। निवर्तमान पार्षद घनश्याम चंदलानी ने बताया कि कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई राजापार्क स्थित सिंधी कॉलोनी के स्वामी सर्वानंद पार्क में कथा स्थल पर पहुंची, जहां श्रीमद् भागवत की पूजा-अर्चना की गई। यात्रा में भाजपा नेता अशोक परनामी सहित कई गणमान्य लोग और 101 ब्राह्मण पीत वस्त्रों में शामिल हुए। कथा के प्रथम दिन व्यासपीठ से जगद्गुरु परमहंसाचार्य स्वामी दयानंद सरस्वती ने श्रीमद् भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति प्राप्त करता है। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# यूपीएससी में 667वीं रैंक लाकर ज्योति मौर्य ने बढ़ाया जोबनेर का मान

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर ग्रामीण जिले के जोबनेर कस्बे की होनहार बेटी ज्योति मौर्य ने देश की प्रतिष्ठित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 667वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। शनिवार को जोबनेर में विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, शैक्षणिक संस्थाओं और व्यापार मंडल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर ज्योति मौर्य और उनके माता-पिता का सम्मान किया गया।

नगरपालिका परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल जोबनेर के पदाधिकारियों सहित सर्व समाज के लोगों ने ज्योति मौर्य का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद, शिक्षाविद और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इसके अलावा अंबेडकर विचार मंच समिति और रैगर समाज की ओर से सम्मान स्वरूप रैली भी निकाली गई। रैली कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी, जहां जगह.जगह लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। व्यापार मंडल जोबनेर और नगर कांग्रेस की ओर से भी ज्योति मौर्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योति मौर्य ने अपनी सफलता का श्रेय माता.पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपनी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और शिक्षकों के सहयोग ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। उल्लेखनीय है कि ज्योति मौर्य, सुमनेश मौर्य और सुमन मौर्य की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से जोबनेर क्षेत्र में खुशी की लहर है और कस्बे के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## सम्पादकीय

# अमेरिका का मुगालता

## रूस से तेल खरीद की छूट उदारता नहीं बल्कि मजबूरी



अमेरिकी प्रशासन ने भारत को रूस से एक माह तक तेल खरीदने की जो कथित छूट दी, उससे कुछ ऐसा ध्वनित हो रहा है कि यह तय करने का अधिकार उसने अपने हाथ ले लिया है कि कौन देश किससे, कब तेल खरीद सकता है और कौन नहीं? उसके पास ऐसा कोई अधिकार न था, न है और न हो सकता है, लेकिन यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के बहाने वह लंबे समय से भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाए हुए है। उसने भारत पर रूस से तेल खरीदने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा, पर भारत ने इसकी परवाह नहीं की। आखिरकार उसने अपने स्तर से ही भारत से अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बन जाने की घोषणा करते हुए पारस्परिक टैरिफ 25 से 18 प्रतिशत किया और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म किया।

वास्तव में वह ऐसा करने के लिए बाध्य हुआ, क्योंकि भारत ने यूरोपीय संघ से सभी व्यापार समझौते की जननी कहे जाने वाला व्यापार समझौता कर उसे यह संदेश दिया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। सच यह भी है कि भारत ने रूस से तेल खरीद पूरी तौर पर कभी भी बंद नहीं की। जनवरी और फरवरी माह में भी उसने रूस से तेल खरीदा। इसके अलावा भारत बार-बार यह भी दोहराता रहा है कि वह अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए रूस समेत कहीं से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। आखिर जब भारत रूस से तेल खरीद ही रहा है तो फिर अमेरिका के यह कहने का क्या मतलब कि वह भारत को उससे 30 दिन के लिए तेल खरीदने की छूट दे रहा है? अमेरिका ने तथाकथित उदारता दिखाते हुए भारत को रूस से तेल खरीदने की जो मंजूरी दी, वह उसकी मजबूरी का ही परिचायक है। वह जानता है कि ईरान से युद्ध के कारण पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित हो रही है और उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। इससे समूची विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष जो संकट पैदा होगा, उसके दुष्प्रभाव से वह भी नहीं बच पाएगा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तेल एवं गैस की आपूर्ति का जो वैश्विक संकट खड़ा हो गया है, उसके लिए मूलतः अमेरिका ही जिम्मेदार है। यदि वह इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला नहीं करता तो होर्मुज जल मार्ग से तेल की आपूर्ति बाधित नहीं होती। यह अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह उक्त जल मार्ग से पश्चिम एशियाई देशों से आने वाले तेल की आपूर्ति की बाधाओं को दूर करे, लेकिन फिलहाल वह इसमें समर्थ नहीं दिख रहा है, क्योंकि ईरान हार मारने को तैयार नहीं। अच्छा हो कि अमेरिका इस मुगालते से बाहर आए कि वह हर मामले में न तो अपनी ही चला सकता है और न ही अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा व्यापार पर एकाधिकार कर सकता है। उसे यह भी आभास हो जाए तो अच्छा कि ईरान वेनेजुएला नहीं है।

## विशेष आलेख

# न्याय निष्पक्षता के महत्व की रक्षा हो

"आज न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर देश में एक विवाद-सा चल रहा है। हुआ यह है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की एक पुस्तक में देश की न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से एक पाठ शामिल किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने इस पर आपत्ति उठायी है। उन्हें लग रहा है कि आठवीं कक्षा के बच्चों को यह सब बताने से उनके कोमल मस्तिष्क पर गलत प्रभाव पड़ सकता है।

न्यायपालिका के प्रति पूरा सम्मान रखने के बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि न्याय-व्यवस्था से जुड़े व्यक्ति भी उसी समाज से आते हैं जिसका हम सब हिस्सा हैं। यह कौन कह सकता है कि हमारा समाज शत-प्रतिशत ईमानदार है?

अब यह बात पुरानी नहीं बल्कि बहुत पुरानी लगती है। सातवीं या आठवीं कक्षा में पढ़ता था मैं। सामूहिक गीत गवाये जाने की प्रथा थी तब स्कूल में। दो ऐसे गीतों की पंक्तियां मुझे आज, सत्तर-पचहत्तर साल बाद, भी याद हैं, अच्छी लगती थीं मुझे यह पंक्तियां। एक कविता में नया ज़माना लाने की बात कही गयी थीङ्क 'दे वरदान हमें माता हम निकले आन निभाने को... जहां बेटियां बिकती हैं, बेटों का मोल किया जाता... ऐसे समाज के ढांचे की हम निकले नींव हिलाने को...' और एक कविता थीङ्क 'मेरा देश कि जिसकी मिट्टी सोना उगले, और जहां की भूखी जनता मिट्टी निगले... न्याय दास है यहां करेंसी के नोटों का, शासन भिखमंगा है जनता के वोटों का...।'

न्यायपालिका के बारे में उनके मन में गलत अवधारणा बन सकती है। तर्क यह दिया जा रहा है कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बालक की बुद्धि इतनी परिपक्व नहीं होती कि वह मुद्दे की गहराई को समझ सके। न्यायालय ने आठवीं कक्षा की इस पुस्तक को प्रतिबंधित कर दिया है और एनसीईआरटी ने भी अपनी 'ग़लती' के लिए क्षमा मांग कर पुस्तक की बिक्री पर रोक लगा दी है। मैंने पुस्तक का यह विवादास्पद अध्याय नहीं पढ़ा है, पर इसके बारे में जितना कुछ मीडिया में आया है उसे देखते हुए यह अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि उच्चतम न्यायालय को यह आशंका है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में दी गयी जानकारी से आठवीं में पढ़ने वाले बालक की बाल-बुद्धि पर गलत प्रभाव पड़ेगा। जब बाल-बुद्धि वाली यह बात मैंने पढ़ी तो अनायास मुझे वे दो कविताएं याद आ गयीं, जिनकी चर्चा आलेख के प्रारंभ में की गयी है। मैं सोच रहा हूं कि क्या सचमुच इन कविताओं को पढ़कर मेरे मन में 'जर्जर समाज' या 'करेंसी नोटों की दास न्यायपालिका' के बारे में कोई ऐसी धारणा बन गयी थी जिसे ग़लत कहा या समझा जा रहा है? सच कहूं तो आठवीं कक्षा की अपनी पढ़ाई के दौरान और आज उसके लगभग सत्तर साल बाद भी, और उस कविता को पसंद करने के बावजूद, न्यायपालिका के महत्व को मैंने कभी कम नहीं आंका, और न ही कभी मुझे ऐसा लगा कि न्यायपालिका के बारे में मेरे मन में सम्मान कहीं कम हुआ है।

जिन चार स्तंभों पर हमारा जनतंत्र टिका है, उनमें संभवतः सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है हमारी न्यायपालिका और आरोपों और अपवादों के बावजूद आज भी न्यायपालिका पर देश का भरोसा कम नहीं हुआ है। न्यायपालिका की कार्यप्रणाली और उसकी निष्पक्षता को लेकर सवाल भले ही उठते रहे हों, पर इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि कुल मिलाकर हमारी न्यायपालिका देश की जनता को एक भरोसा देती है। यह भरोसा बना रहे शायद यही मंशा रही होगी उच्चतम न्यायालय की जब उसने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब के एक अध्याय पर सवालिया निशान लगाया।



ऐसा नहीं है कि एनसीईआरटी की किताबों पर पहले कभी सवाल नहीं उठे। कई बार हुआ है ऐसा। कई बार इन किताबों में शामिल सामग्री विवादों के घेरे में आयी है। छोटी कक्षाओं में पढ़ाई जाने वाली यह किताबें हमारी भावी पीढ़ी का निर्माण करती हैं। इनकी निष्पक्षता और इनके महत्व की रक्षा होनी ही चाहिए। पर जहां तक न्यायपालिका के सम्मान और प्रतिष्ठा का सवाल है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। न्यायपालिका के प्रति पूरा सम्मान रखने के बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि न्याय-व्यवस्था से जुड़े व्यक्ति भी उसी समाज से आते हैं जिसका हम सब हिस्सा हैं। यह कौन कह सकता है कि हमारा समाज शत-प्रतिशत ईमानदार है?

कचरा यदि कहीं है तो उसे कार्पेट के नीचे छुपा देने से सफाई नहीं हो जाती। कचरे के अस्तित्व को स्वीकार करना होगा, तभी सफाई की आशा की जा सकती है। हमारे न्यायालय में विभिन्न स्तरों पर लाखों मामले लंबित पड़े हैं। हमें स्वीकार करना होगा कि न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय न मिलना ही होता है। हकीकत यह भी है कि ऐसे मामलों की संख्या घटने के बजाय लगातार बढ़ती ही जा रही है। न्यायपालिका को स्वयं सोचना होगा कि यह कैसे सुधरे। रहा सवाल कुछ न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का, तो हमें यह स्वीकारना होगा कि कुछ स्तरों पर खामियां हैं, भ्रष्टाचार है। लोकसभा में रखे गये आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में यानी सन् 2016 से सन् 2025 तक मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ 8600 से अधिक शिकायत दर्ज की गयी हैं। इन शिकायतों में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के घर से मिली भारी मात्रा में नकदी का मामला शामिल है। अदालत में जनता का विश्वास बना रहे, इसके लिए ज़रूरी है कि ऐसे मामलों का निपटारा जल्दी से जल्दी हो।

भ्रष्टाचार का मतलब सिर्फ नकद रिश्वत ही नहीं होता। मनवांछित निर्णय पाने के लिए राजनीतिक दबाव भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में ही आता है। उच्च अदालतों में मामले अपने मनचाहे न्यायाधीशों के समक्ष ही आयें, इसके लिए होने वाली कोशिशें भी इसी श्रेणी में आती हैं। सिर्फ न्याय होना ही पर्याप्त नहीं होता, न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए। यहां एक और आंकड़ा भी मुद्दे की गंभीरता को समझने में मदद कर सकता है। सन् 2007 में जारी 'ग्लोबल करप्शन रिपोर्ट' के अनुसार भारत में किए गये जनमत-सर्वेक्षण में 77 प्रतिशत लोगों ने न्याय व्यवस्था पर अविश्वास जताया था। इस बात की आशा की जानी चाहिए कि आज यह स्थिति बेहतर होगी, और यह भी संभव है कि विश्व में भ्रष्टाचार की तुलना में हमारी स्थिति बेहतर हो, पर इस आंकड़े से यह संकेत तो लिया ही जाना चाहिए कि देश की जनता न्याय-व्यवस्था में कदाचार की स्थिति से अवगत भी है और चिंतित भी।

यह संभव है कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की बाल-बुद्धि भ्रष्टाचार के मामले की गंभीरता को न समझे, या फिर कुछ ग़लत निष्कर्ष भी निकाल ले। पर इससे स्थिति की गंभीरता कम नहीं होती कि हमारी न्याय-व्यवस्था में कहीं कुछ बहुत बड़ी खामी घुसपैठ करती दिख रही है। यदि आठवीं कक्षा में मेरी पीढ़ी न्याय की करेंसी के नोटों का दास वाली बात कुछ-कुछ समझ सकती है तो आज की पीढ़ी तो कहीं अधिक समझदार है। इंटरनेट और कृत्रिम मेधा वाले समय में बच्चों से कुछ छिपाकर नहीं, बच्चों को बहुत कुछ बताकर ही उनके साथ न्याय किया जा सकता है। एनसीईआरटी की किताब में बच्चों को क्या बताया गया है, पता नहीं, पर इतना अवश्य पता है कि भरी दोपहर में आंख बंद कर लेने से रोशनी अंधेरे में नहीं बदल जाती। सवाल सच को जानने और उसके अनुरूप आवश्यक कार्रवाई के लिए स्वयं को तैयार करने का है।

## आज का राशिफल

### मेष
नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

### वृष
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### मिथुन
विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

### कर्क
आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

### सिंह
क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

### कन्या
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

### तुला
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

### वृश्चिक
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

### धनु
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

### मकर
मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

### कुंभ
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

### मीन
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# चेहरे पर लगाएं एलोवेरा से बने यह फेस मास्क, झुर्रियां होंगी दूर और टाइट बनेगी स्किन

धूल, प्रदूषण, तनाव और खराब लाइफस्टाइल स्किन पर कई तरह की समस्याओं को बढ़ा देती हैं। पोषक तत्वों की कमी के कारण भी स्किन काफी डल नजर आती है और स्किन पर झाइया, दाग धब्बे भी चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। कई बार उम्र से पहले ही स्किन लटकना शुरू हो जाती है। इस कारण उम्र से ज्यादा बड़े दिखते है और स्किन पर रिंकल्स की समस्या भी हो जाती हैं। मार्केट में स्किन को टाइट रखने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। लेकिन यह प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार मन मुताबिक रिजल्ट भी नहीं देते हैं। ऐसे में वर्षों से ब्यूटी प्रोडक्ट्स में शामिल होने वाले एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।



### अंडे और एलोवेरा का फेस मास्क

**सामग्री :**
- 1 अंडा
- 1 चम्मच- एलोवेरा जेल
- 1 चम्मच- शहद
- 1 चम्मच- दही

### अंडे और एलोवेरा का फेस मास्क बनाने का तरीका

अंडे और एलोवेरा का फेस मास्क बनाने के लिए अंडे से उसके सफेद भाग को लें। इसमें दही, शहद और एलोवेरा जेल को मिक्स करके मिश्रण तैयार करें। अब इस मास्क को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को पानी से वॉश करें। यह मास्क स्किन को टाइट करने के साथ स्किन को चमकदार बनाएगा।

### एलोवेरा और खीरे का फेस मास्क

**सामग्री :**
- 2 चम्मच- एलोवेरा जेल
- 2 चम्मच- खीरा का पेस्ट

### एलोवेरा और खीरे का फेस मास्क बनाने के तरीका

एलोवेरा और खीरे का फेस मास्क लगाने के लिए खीरे को कद्दूकस करें। अब इसमें एलोवेरा जेल को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को पानी से वॉश करें। यह मास्क कोलेजन को बूस्ट करता है और लटकती स्किन को टाइट करता है।

### एलोवेरा और टमाटर का जूस का फेस मास्क

**सामग्री :**
- 2 चम्मच- एलोवेरा जेल
- 1 चम्मच- टमाटर का जूस
- 1 चुटकी- हल्दी
- 1 चम्मच- बादाम का तेल

# चेहरे की झुर्रियां मिटाने के लिए इन तरीकों से लगाएं चावल का पानी, मिलेगी यंग स्किन

हम सभी यंग दिखना चाहते हैं। एक उम्र के बाद सभी की त्वचा पर झुर्रियां और फाइन लाइंस पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन खराब लाइफस्टाइल और त्वचा की देखभाल न कर पाने की वजह से आजकल ज्यादातर लोगों की त्वचा पर उम्र से पहले ही झुर्रियां पड़ने लगती हैं। इन झुर्रियों को बढ़ने से रोकने के लिए अक्सर लोग एंटी एजिंग क्रीम का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई घरेलू उपाय भी झुर्रियों को मिटाने में असरदार साबित हो सकते हैं। चावल का पानी एक ऐसा ही घरेलू नुस्खा है, जो झुर्रियों को कम करने में कारगर हो सकता है। दरअसल, चावल के पानी में अमीनो एसिड, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई मिनरल्स पाए जाते हैं, जो त्वचा के एजिंग प्रोसेस को धीमा करने में मदद करते हैं। चावल का पानी त्वचा को टाइट बनाए रखने में मदद करता है। इस पानी को चेहरे पर लगाने से त्वचा में कसाव आता है और फाइन लाइंस दूर होते हैं।



### क्लींजर के रूप में

चेहरे की झुर्रियां मिटाने के लिए आप चावल के पानी से अपने चेहरे को धो सकते हैं। इसके लिए आप चावल को थोड़ी देर पानी में भिगोकर रखें। अब इस पानी से अपने चेहरे को धो लें। रोजाना चावल के पानी से चेहरे को धोने पर झुर्रियां दूर होंगी। साथ ही, त्वचा यंग और खूबसूरत भी बनेगी। चावल के पानी से चेहरे को धोने पर त्वचा की गहराई से सफाई होती है। साथ ही, धूल-मिट्टी और प्रदूषण की वजह से होने वाली समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है।

### टोनर के रूप में

चेहरे के पीएच लेवल को बैलेंस रखने के लिए टोनर का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है। कोई मार्केट में मिलने वाले टोनर का, तो कोई गुलाब जल का इस्तेमाल करता है। आप चावल के पानी को भी टोनर के रूप में यूज कर सकते हैं। इसके लिए आप चावल के पानी को एक स्प्रे बोतल में डाल दें। अब चेहरे पर चावल के पानी से स्प्रे करें, इससे आपकी त्वचा पर काफी फर्क देखने को मिलेगा। चावल के पानी से त्वचा मुलायम और कोमल बनती है।

### फेस मास्क के रूप में

चेहरे की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सप्ताह में एक बार फेस मास्क लगाना जरूरी होता है। अगर चेहरे पर झुर्रियां पड़ रही हैं, तो आप चावल के पानी का फेस मास्क यूज कर सकते हैं। इसके लिए आप चावल का पानी लें। इसमें बेसन और चुटकी भर हल्दी डालें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को पानी से अच्छी तरह धो लें। सप्ताह में एक-दो बार इस फेस मास्क को लगाने से आपको काफी फर्क मिलेगा।

# सुबह की शुरुआत के लिए बेस्ट है यह ड्रिंक, हमेशा रहेंगे हेल्दी

सुबह की शुरुआत पर पूरे दिन की एनर्जी डिपेंड करती हैं। वहीं लंबे समय में हेल्थ पर भी असर डालती है। कुछ लोग सुबह उठते ही पानी पीते हैं तो बहुत सारे लोग चाय या कॉफी पीना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप लांग टाइम में हेल्थ पर पॉजिटिव असर देखना चाहते हैं तो दिन की शुरुआत हल्दी और अदरक के पानी से करें।

### अदरक-हल्दी है फायदेमंद

अदरक और हल्दी दोनों ही एंटी इंफ्लेमेटरी गुण वाले होते हैं। जिसकी वजह से शरीर में होने वाली सूजन, दर्द से जुड़ी बीमारियों में राहत पहुंचाता है। अदरक में मौजूद जिंजरोल और हल्दी में मौजूद करक्यूमिन एंटी इंफ्लेमेटरी कंपाउंड है। जो इन बीमारियों से दूर रखने में मदद करते हैं।

### डाइजेस्टिव हेल्थ

अदरक को हमेशा से पाचन क्रिया के लिए अच्छा माना जाता है। अदरक में ऐसे तत्व होते हैं जो डाइजेस्टिव एंजाइम को रिलीज होने में मदद करते हैं। वहीं हल्दी डाइजेस्टिव ट्रैक को सपोर्ट करती है। जिससे भोजन को डाइजेशन के रास्ते में दिक्कत नहीं आती है और वो आसानी से डाइजेस्ट हो जाता है। रोजाना अदरक-हल्दी



की ड्रिंक पीने से खाना पचाने में मदद मिलती है और डाइजेशन आसान हो जाता है। जिसकी वजह से ब्लॉटिंग, पेट फूलना, गैस बनना और अपच की समस्या में राहत मिलती है।

### इम्यूनिटी बढ़ाता है

अदरक और हल्दी की ड्रिंक पीने से शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है। दोनों ही चीजें एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है। जो बॉडी को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करती है और इम्यूनिटी को बढ़ाती है। अगर रोज सुबह की शुरुआत अदरक-हल्दी की ड्रिंक से करते हैं तो नोटिस करेंगे कि आपको इंफेक्शन से बचने में मदद मिल रही है।

### ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है

पूरी बॉडी में ब्लड का ठीक से सर्कुलेशन बेहद जरूरी है। ब्लड की मदद से सारे अंग ठीक से और पूरी इफिशिएंसी से काम करते हैं। अदरक ब्लड वेसल्स को सिकुड़ने से रोकता है। वहीं हल्दी कॉर्डियोवस्कुलर हेल्थ को प्रमोट करती है। हल्दी बॉडी में कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करती है। जिससे ब्लड फ्लो हार्ट तक आसान हो जाता है और इंसान का दिल हेल्दी बना रहता है। जो कि हाई बीपी और हार्ट को बीमार होने से बचाता है।

### वेट लॉस में मदद

अगर आप वजन के बढ़ने से परेशान है तो भी रोजाना अदरक और हल्दी की ड्रिंक पीने से फायदा होता है। मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में हल्दी मदद करती है। जबकि अदरक बिना वजह लगने वाली भूख को रोकता है। ये दोनों ही चीजें वजन को कम होने से रोकती है। ऐसे में अदरक-हल्दी की ड्रिंक वेट लॉस में बहुत तेजी से मदद कर सकती है।

# विशाल रक्तदान शिविर आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानव सेवा और समाज कल्याण की भावना को साकार करते हुए वाईबीआरएसएस युवा बड़वा राव सेवा संस्था की ओर से रविवार को जयपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन यादव मैरिज गार्डन जगदम्बा नगर जयपुर किया जाएगा। संस्था द्वारा आयोजित यह त्रयोदशम 13वांद्ध रक्तदान शिविर समाज के जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। रक्तदान महादान की भावना के साथ आयोजित इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना और जरूरतमंदों की मदद करना है।

चिकित्सकों का मानना है कि रक्त की एक छोटी सी बूंद भी किसी दुर्घटना पीड़ित, ऑपरेशन के मरीज या गंभीर बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति के लिए नई जिंदगी का सहारा बन सकती है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति हर 3 से 4 महीने में सुरक्षित रूप से रक्तदान कर सकता है और इससे शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। बल्कि रक्तदान के बाद शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जो स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी मानी जाती है।

# राजसखी राजीविका मेले का शुभारंभ आज

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद राजीविका द्वारा शहीद परमवीर पीरू सिंह स्कूल खेल मैदान में आयोजित राज सखी राजीविका मेला-2026 का शुभारंभ 8 मार्च, रविवार को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। मेले का उद्घाटन जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग करेंगे। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास ने बताया कि यह मेला 15 मार्च तक आयोजित होगा। मेले में जिले भर के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

इन स्टॉलों के माध्यम से महिलाएं अपने हुनर से तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित कर उन्हें बाजार उपलब्ध कराने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की पहल पर जिला प्रशासन एवं राजीविका के संयुक्त प्रयासों से जिले में पहली बार राज सखी राजीविका मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, घरेलू उत्पाद, परिधान, सजावटी सामग्री सहित विभिन्न उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। मेले के दौरान प्रतिदिन सायं 6 बजे से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे मेले में आने वाले लोगों को मनोरंजन के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। मेला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा।

# पैनल डिस्कशन में वक्ताओं ने रखे विचार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वामी केशवानंद प्रौद्योगिकी, प्रबंधन एवं ग्रामोथान संस्थान एसकेआईटी, जयपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 5वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी रिसोर्सेज फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर के अंतर्गत 7 मार्च 2026 को प्री.कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम के रूप में पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इस पैनल चर्चा का विषय उद्योग-प्रशिक्षित इंजीनियर था। इस सत्र का उद्देश्य अकादमिक शिक्षा और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की दूरी को कम करना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक इंजीनियरिंग करियर के लिए आवश्यक कौशलों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों से आए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया, जिनमें मनोज पिपरसानिया फाउंडर और सीईओए सॉफ्टसर्व इंक. अमित अग्रवाल जनरल मैनेजर ढबरिया पॉलीवुड लिमिटेड शामिल थे।

# एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष जाखड़ का किया स्वागत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के शनिवार को दिल्ली से पहली बार जयपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट से राजस्थान विश्वविद्यालय तक जगह-जगह एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए उनका अभिनंदन किया। जाखड़ दोपहर करीब 1:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में जाखड़ ने कहा कि यह पूरे राजस्थान के लिए गर्व की बात है कि साधारण परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को इतना बड़ा दायित्व मिला है। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार जताते हुए कहा कि कांग्रेस में गरीब और आम परिवार का युवा भी मेहनत के दम पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई युवाओं और छात्रों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी तथा देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए काम करेगी। जाखड़ ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव और नशे के खिलाफ अभियान जैसे मुद्दों पर एनएसयूआई लगातार संघर्ष करती रही है। कर्नाटक सरकार द्वारा छात्रसंघ चुनाव कराने की पहल का स्वागत करते हुए उन्होंने राजस्थान में भी छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग दोहराई। उन्होंने कुछ फिल्मों के जरिए नफरत की राजनीति फैलाने के आरोप लगाते हुए कहा कि देश में अमन और भाईचारे की परंपरा है और विश्वविद्यालय परिसरों में नफरत की राजनीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही राजस्थान एनएसयूआई अध्यक्ष के चयन को लेकर राहुल गांधी और प्रभारी कन्हैया कुमार के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# 12 साल में शादी, 15 में मां...

## संघर्षों से लड़कर पाना देवी बनी क्षेत्र की महिलाओं की ताकत

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कम उम्र में शादी, छोटी उम्र में मां बनने की जिम्मेदारी, आर्थिक तंगी और दिव्यांगता जैसी चुनौतियों के बावजूद अगर कोई महिला हार न माने तो वह खुद के साथ कई लोगों की जिंदगी बदल सकती है। चूरू जिले से 55 किलोमीटर दूर गांव आसपालसर की पाना देवी ने अपने संघर्ष, हौसले और मेहनत के दम पर ऐसा ही कर दिखाया है। आज वह न सिर्फखुद ग्रेजुएशन कर चुकी हैं, बल्कि क्षेत्र की अनेकों महिलाओं को रोजगार देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम भी कर रही हैं। पाना देवी बताती हैं कि उन्होंने बचपन में केवल पांचवीं कक्षा तक ही पढ़ाई की थी। महज 12 साल की उम्र में उनका विवाह कर दिया गया। शादी के दो साल बाद वे ससुराल आ गईं और 15 साल की उम्र में उनके घर पहला बेटा हुआ। इसके एक साल बाद दूसरा बेटा भी हो गया। कम उम्र में ही परिवार और बच्चों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्हें मजदूरी करने के लिए नरेगा में काम पर जाना पड़ता था। दिव्यांग होने के बावजूद वे मिट्टी डालने और भारी मेहनत का काम करती थीं। उस दौरान उन्हें अक्सर लगता था कि अगर वे पढ़ी-लिखी होतीं तो कागजी काम कर सकती थीं और इतनी कठिन मजदूरी नहीं करनी पड़ती। पढ़ाई की इसी इच्छा ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शादी के बाद उनके पिता ने उन्हें आठवीं कक्षा तक पढ़ाया ताकि वे आंगनवाड़ी में काम कर सकें। लेकिन आठवीं पास करने के बाद भी दिव्यांग होने के बावजूद उनका आंगनवाड़ी में चयन नहीं हो पाया।

### राजीविका से बदली जिंदगी

साल 2016 में उनके जीवन में एक नई उम्मीद लेकर राजीविका संस्था आई। आंध्र प्रदेश से आई टीम ने उन्हें इस संस्था से जोड़ा। इसके बाद वे राजीविका में समूह सखी बन गईं और कई प्रशिक्षण प्राप्त किए। यहां से उन्हें 2250 रुपये का मानदेय मिलने लगा। इसके बाद उन्होंने छोटा सा लोन लेकर सिलाई मशीन खरीदी और सिलाई सीखना शुरू किया। उसी दौरान उन्होंने ओपन बोर्ड से दसवीं कक्षा का फॉर्म भी भरा। पहली बार में वे परीक्षा में सफल नहीं हो पाईं, लेकिन हार नहीं मानी। दूसरी बार में उन्होंने दसवीं कक्षा पास कर ली। इसके बाद उन्होंने 12वीं कक्षा भी पास की और आगे पढ़ाई जारी रखते हुए आज ग्रेजुएशन भी पूरा कर लिया।

### नरेगा मेट बनी, बढ़ा आत्मविश्वास

राजीविका के माध्यम से उन्हें एक और बड़ा अवसर मिला, जब पांचवीं पास महिलाओं को नरेगा में मेट बनने का मौका मिला। पहले जहां वे मजदूरी करती थीं, वहीं बाद में तीन साल तक मेट के पद पर काम किया। इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया और उन्होंने तय किया कि अब वे गांव की अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी।

### सेनेटरी पैड यूनिट से मिला रोजगार

राजीविका से छोटे-छोटे लोन लेकर उन्होंने सेनेटरी नैपकिन बनाने का काम शुरू किया। शुरुआत में छोटी मशीन से काम होता था, जिसमें महिलाओं को घंटों मेहनत करनी पड़ती थी और आमदनी भी कम होती थी। इस समस्या को देखते हुए राजस्थान ग्रामिण विकास की अधिकारी दुर्गा ढाका ने तत्कालीन जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सियाग से अनुरोध किया। इसके बाद कलेक्टर ने अपने बजट से पाना देवी को सेनेटरी नैपकिन की बड़ी मशीन उपलब्ध करवाई। आज इस यूनिट में करीब 20 महिलाएं मिलकर काम कर रही हैं और रोजगार प्राप्त कर रही हैं।



### महिलाओं को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित

पाना देवी सिर्फखुद तक ही सीमित नहीं रहीं। उन्होंने गांव की महिलाओं को पढ़ाई के लिए भी प्रेरित किया। अब तक वे करीब 40 महिलाओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित कर चुकी हैं। इनमें से 13 महिलाओं के ओपन बोर्ड के फॉर्म भी उन्होंने खुद स्कूल जाकर भरवाए। वे बताती हैं कि उनके परिवार में पहले पांचवीं कक्षा से ज्यादा कोई पढ़ा-लिखा नहीं था, लेकिन उन्होंने इस परंपरा को बदला और खुद ग्रेजुएशन तक पढ़ाई की।

### प्रदेशभर में दे चुकी हैं प्रशिक्षण

पाना देवी अब तक 7 से 8 जिलों में राजीविका से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं को प्रशिक्षण दे चुकी हैं। खुद भी विभिन्न प्रशिक्षण लेकर वे अन्य महिलाओं को इसका लाभ दे रही हैं। उनके प्रयासों से कई महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर चुकी हैं। उनकी उपलब्धियों के कारण उन्हें देश की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से मिलने का अवसर भी मिलाए जिसे वे अपने जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण मानती हैं। पाना देवी कहती हैं कि संघर्ष तो उनके जीवन की शुरुआत से ही साथ रहा है, लेकिन अब उन्हें संघर्ष से डर नहीं लगताए बल्कि यही उन्हें आगे बढ़ने की ताकत देता है। वे चाहती हैं कि गांव की हर महिला पढ़ेए आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बने। राजस्थान ग्रामीण विकास से जुड़ी हुई अधिकारी प्रियंका चौधरी ओर मंजू का कहना है कि पाना देवी की कहानी यह सिखाती है कि संघर्ष कितना भी बड़ा क्यों न हो, अगर हौसला और मेहनत साथ हो तो सफलता जरूर मिलती है। अपने संघर्ष और मेहनत के दम पर पाना देवी ने न केवल अपनी जिंदगी बदली, बल्कि कई अन्य महिलाओं के जीवन में भी उम्मीद की नई रोशनी जलाई है। उनकी कहानी यह साबित करती है कि अगर इंसान में हिम्मत और लगन हो, तो कोई भी मुश्किल रास्ता रोक नहीं सकता।

# महिला दिवस विशेष : कड़ी मेहनत और संघर्ष के दम पर पूरे भारत वर्ष में बनाई हॉकी खिलाड़ी अंजना लम्मानी ने अपनी पहचान

## हॉकी खिलाड़ी से हॉकी कोच व अब एथलेटिक्स में मेडल जीतकर कर रही देश का नाम रोशन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर तहसील के गांव साहवा में जन्मी अंजना लम्मानी ने अपनी कड़ी मेहनत व संघर्ष के दम पर पूरे भारतवर्ष में अपनी पहचान बनाई है। लम्मानी ने हॉकी खिलाड़ी से हॉकी कोच व एथलेटिक्स में अनेक गोल्ड मेडल जीतकर गोल्डन गर्ल तक का सफर तय कर न केवल अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए भी आगे बढ़ने की एक मिसाल पेश की है। साहवा गांव के एक साधारण से परिवार में जन्मी अंजना लम्मानी ने छठी क्लास से हॉकी खेलना शुरू किया। बहुत परेशानियों और समस्याएं आने के बाद भी वो लगातार अपनी मेहनत करते हुए आगे बढ़ती रही। आज अपनी मेहनत के बलबूते पर पूरे भारत वर्ष



में अपनी अलग पहचान बनाते हुए एथलेटिक्स में भी ऑल इंडिया मास्टर मिट एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष में टॉप चार में आकर अपनी नई पहचान बनाई है और वाल्ड मास्टर मिट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए साउथ कोरिया में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। 100 मीटर, 200 मीटर व लम्बी कूद में राजस्थान राज्य में भी तीन गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए गोल्डन गर्ल का खिताब अपने नाम करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके अलावा लम्मानी चूरू जिले में हॉकी में फुल एनआईएस करने वाली पहली महिला बनी है। चूरू जिले के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आज लम्मानी की मेहनत और संघर्ष से आज ये सफलताएं वो अपने नाम करते हुए पूरे भारत वर्ष में हमारे चूरू जिले का ही नहीं राजस्थान का भी नाम रोशन करते हुए आगे बढ़ रही है और अब हमारे भारत वर्ष के लिए भी वो लगातार मेहनत करते हुए अच्छा प्रदर्शन करेगी ये उम्मीद और विश्वास है। अंजना लम्मानी ने 2016 से लेकर 2024 तक खेलो इंडिया हॉकी सेंटर गाजुवास, तारानगर में हॉकी कोच के रूप में अपनी सेवाएं दी। हॉकी कोच की सेवाएं देते हुए कड़ी मेहनत और कुछ कर गुजरने के जज्बे को रखने वाली लम्मानी की बदौलत चूरू जिले से एक छोटे से गांव गाजुवास में 3 बालिकाएं उत्कर्ष खेल संस्थान में चयन हुआ, 8 बालिकाओं का महिला हॉकी एकेडमी अजमेर में चयन हुआ है। 35 ऑल ऐज ग्रुप में बालिकाएं नेशनल खेली है। 26 बालक-बालिका अलग अलग विश्वविद्यालय की ओर से अंतर विश्वविद्यालय हॉकी टीमों में खेले है। अंडर 17 में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चूरू जिले की हॉकी टीम ने लगातार उप विजेता रही है। सीनियर महिला राजस्थान राज्य हॉकी प्रतियोगिता में लगातार तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 42 बालक बालिकाओं ने पीटीआई की ट्रेनिंग पूरी कर ली है जो आने वाले साल में पीटीआई लगेंगे। 130 बालिका स्टेट मेडलिस्ट है। 795 बालक बालिका स्टेट पार्टिसिपेट है।

1085 बालक बालिका चूरू जिले में मेडलिस्ट है।

# चादर महोत्सव : केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बोले पवित्र चादर ने जैसलमेर को निरोगी रखा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वर्ण नगरी जैसलमेर में आयोजित तीन दिवसीय दादा गुरुदेव चादर महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को आस्था, श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत ऐतिहासिक भव्य वरघोड़ा निकाला गया। इस अवसर पर लगभग 150 वर्षों बाद सोनार दुर्ग स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर के ज्ञान भंडार से दादा गुरुदेव श्री जिनदत्त सूरी महाराज की 871 वर्ष से भी अधिक प्राचीन पवित्र चादर को विधिवत पूजन-अर्चना के साथ बाहर लाया गया। जैन समाज में इस चादर का अत्यंत धार्मिक महत्व है और इसे गहन श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। वरघोड़ा महोत्सव स्थल पर पहुँच कर धर्मसभा में तब्दील हो गया। जहाँ पवित्र चादर का वासक्षेप सहित गंगोत्री और मानसरोवर से लाए गए जल से अभिषेक किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा की पवित्र चादर 150 वर्षों बाद बाहर आई है। चादर महोत्सव समिति और जैन ट्रस्ट जैसलमेर के प्रयासों से लाखों श्रद्धालु उस पवित्र चादर के दर्शन महोत्सव में कर सकेंगे जिसने जैसलमेर को महामारी से बचाया था। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने वरघोड़े में शामिल श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भावुक करने वाला पल है की दादागुरु के भक्त इतनी बड़ी संख्या में उमड़े है। चादर महोत्सव के इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। पूरे शहर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। आयोजन को लेकर प्रशासन और आयोजन समिति की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर मंच पर गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरि, आचार्य मनोज्ञ सागर सूरि, वसन्त विजय, महोत्सव समिति के अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा, एमएलए महंत प्रतापपुरी, छोटू सिंह भाटी, अरविंद सिंह भाटी मौजूद रहे। चादर महोत्सव समिति के राष्ट्रीय सचिव पदम टाटिया ने बताया की गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरि और जैन मुनियों के सानिध्य में पवित्र चादर को सोनार किले से गड़सीसर सर्किल तक लाया गया। जहां इसे विशेष रूप से तैयार किए गए भव्य रथ में विराजित किया गया। इसके बाद गच्छाधिपति आचार्य जिनप्रभमणि सूरीश्वरजी और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने हरी झंडी दिखाकर विशाल वरघोड़ा शोभायात्रा को प्रारंभ किया। पवित्र चादर का पूरे रास्ते सर्वसमाज ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भव्य वरघोड़े में हजारों श्रद्धालु, जैन संत-मुनि, साध्वी एवं महात्मा शामिल हुए। शोभायात्रा में 21 सजे-धजे घोड़े, 21 ऊंट, 2 हाथी, 20 नासिक ढोल की टीमें, कच्ची घोड़ी नृत्य दल, विशेष रूप से सजाया गया रथ तथा विभिन्न प्रांतों से आए लोक कलाकार आकर्षण का केंद्र बने। इस दौरान ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन एवं समाज में जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को झुंझुनू में जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र के सिंह सोलंकी, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नेहा झाझड़िया एवं जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहीद कर्नल जे.पी. जानू राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर रोड नंबर 1 से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर तक निकाली गई। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं एवं अधिकारियों ने बाल विवाह के खिलाफ नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया। रैली का समापन सूचना केंद्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉण् महेंद्र के सिंह सोलंकी ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई हैए जो बच्चों के अधिकारों का हनन करती है और उनके उज्ज्वल भविष्य को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि कानून द्वारा निर्धारित आयु से कम उम्र में विवाह




करना दंडनीय अपराध है तथा समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह इस कुरीति को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने बताया कि बाल विवाह के कारण बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से बालिकाओं के लिए यह समस्या अधिक गंभीर होती है, क्योंकि कम उम्र में विवाह होने से उनकी शिक्षा बाधित होती है और स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने युवाओं से अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला ने कहा कि समाज में बाल विवाह को रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले तो 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर शिकायत की जा सकती है तथा शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह के दुष्परिणाम केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इसका प्रभाव समाज और राष्ट्र के विकास पर भी पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नेहा झाझड़िया, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, सहायक आचार्य डॉ. विकास मीलए राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह के अधीक्षक अंकित मील, सामाजिक कार्यकर्ता विकेश सिहाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चर्चा समस्या पर नहीं, समाधान पर हो : रूपल पोद्दार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वेल्यूज पर काम करते हुए बदलते दौर से परे स्वयं को संस्कारित करना जरूरी है। ये कहना है पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की को.चेयरपर्सन रूपल पोद्दार को। वे शनिवार को अंतर्राष्ट्रिय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कॉलेज में महिलाओं के विकास पर आयोजित वार्ता को संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पहले सम्मान देने का भाव रखेंए स्वयं को स्वतः ही सम्मान मिल जाएगा। उन्होंने महिलाओं को आगे



बढने के लिए कहा कि चर्चा समाधान पर करें ना कि समस्या पर। उन्होंने हर फील्ड में महिलाओं के लिए वर्तमान में पर्याप्त अवसर होने की बात कही। इस अवसर पर पोद्दार ने संस्थान की ओर से महिला स्टूडेंट्स एवं फैकल्टी के लिए किए जाने वाले विशेष कार्यक्रमों, स्कॉलरशिप योजनाओं समेत अन्य जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से बच्चों के लिए ऑल्ड होम विजिटए एन्वायरमेंट कनेक्ट जैसे विभिन्न आयोजनों के जरिये उन्हें वास्तविक जीवन से जोडा जाता है, जिससे उनमें समझ का विकास हो सके। इस अवसर पर डॉण् आनंद पोद्दार, डॉ. प्रवीण गोस्वामी, डॉ. मीनू मंगल समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन आज

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलो इण्डिया इनिशिएटिव के अन्तर्गत माय भारत कार्यालय, स्पोर्टस ऑथोरिटी आफ इण्डिया एवं जिला खेल अधिकारी के समन्वय तथा अन्य विभागों के सहयोग से अस्मिता । इनिशिएटिव के तहत् खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन रविवार को स्वर्ण जयंति स्टेडियम में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि इस दौरान महिलाओं के लिये 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ-साथ मनोरंजन खेल रस्साकसी-नॉन कम्पिटेटिव का भी आयोजन किया जायेगा ।

# ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत होगी खत्म

## फाइनल में उतरते ही टीम इंडिया रचेगी इतिहास




टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टक्कर होगी। निर्णायक मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने इंग्लैंड को तो न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल का टिकट कटाया। अब 8 मार्च को दोनों टीमों के बीच ट्रॉफी के लिए जंग देखने को मिलेगी। इस मुकाबले में उतरे ही भारतीय टीम इतिहास रच देगी और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ देगी।

### टॉप पर पहुंचेगी भारतीय टीम

दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अब तक आईसीसी इवेंट्स (वनडे विश्व कप, टी20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) के 14-14 फाइनल खेले हैं। ऐसे में रविवार को टीम इंडिया कंगारुओं की बादशाहत को खत्म कर देगी और रिकॉर्ड 15वीं बार फाइलन खेलने उतरेगी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने 14 में से 10 फाइनल जीते हैं। वहीं टीम इंडिया 14 में से 7 फाइनल मैच जीत पाई है। चैंपियंस ट्रॉफी 2002 का फाइनल मैच बारिश के कारण रद हो गया था। ऐसे में इंडिया और श्रीलंका संयुक्त रूप से विजेता बने थे।



### फाइनल में सबसे ज्यादा मैच

| | | |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | : | 14 मैच, 10 जीत |
| भारत | : | 14 मैच, 7 जीत |
| वेस्टइंडीज | : | 8 मैच, 5 जीत |
| इंग्लैंड | : | 9 मैच, 3 जीत |
| श्रीलंका | : | 7 मैच, 3 जीत |
| न्यूजीलैंड | : | 7 मैच, 2 जीत |
| पाकिस्तान | : | 6 मैच, 3 जीत |
| साउथ अफ्रीका | : | 3 मैच, 2 जीत |




## फाइनल से पहले आंकड़ों ने बढ़ाई भारतीय टीम की टेंशन, विश्व कप में कीवियों को कभी नहीं हराया

भारतीय टीम रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने वाली है। इस मुकाबले से पहले भारतीय फैंस की धड़कने बढ़ने वाली हैं। आंकड़ों पर नजर डालने के बाद प्रशंसक भी सोचने पर मजबूर होने वाले हैं। दरअसल, टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में कभी भी न्यूजीलैंड को नहीं हराया है। इस आंकड़े ने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम की टेंशन बढ़ा दी है।

न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल मैच में हराकर फाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने प्रोटियाज को एकतरफा मैच में हराया था। तो वहीं भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया था। सूर्या एंड कंपनी ने उस मैच में 7 रनों से जीत हासिल की थी और एक रोमांचक मुकाबला रहा था। भारत अब फाइनल में है लेकिन कीवियों को हराने के लिए उन्हें इतिहास रचना होगा।

#### भारत-न्यूजीलैंड का हेड टू हेड रिकॉर्ड

भारत और न्यूजीलैंड के टी20 में हेड टू हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें, तो टीम इंडिया का पलड़ा भारी दिखाई देता है। इन दोनों टीमों के बीच कुल 30 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं, जिसमें मेन इन ब्लू ने 18 मैचों में जीत हासिल की है। कीवी टीम की बात करें, तो उन्हें 11 मैचों में जीत मिली है, जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकल सका है। इस तरह से ओवरऑल टी20 में भारतीय टीम आगे दिखाई देती है।



#### टी20 वर्ल्ड कप में भारत-न्यूजीलैंड का हेड टू हेड रिकॉर्ड

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड डराने वाला है। टीम इंडिया विश्व कप के इतिहास में कभी भी ब्लैक कैप्स को नहीं हरा सकी है। दोनों टीमों के बीच तीन मुकाबले खेले गए हैं। तीनों मैचों में कीवी टीम ने जीत हासिल की है। न्यूजीलैंड ने भारत को सबसे पहले 2007 में सुपर-8 में 10 रनों से हराया था। इसके बाद 2016 में कीवियों में टीम इंडिया को नागपुर में 47 रनों से करारी हार थमाई थी। आखिरी बार इन दोनों की भिड़ंत 2021 टी20 वर्ल्ड कप में हुई थी, जहां 2007 और 2024 की चैंपियन को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

## चैंपियन पर होगी धनवर्षा

### हारने वाली टीम को भी मिलेंगे करोड़ों रुपये

टी20 विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार, 8 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। निर्णायक मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम पर करोड़ों की बारिश होगी। इतना ही नहीं हारने वाली टीम भी मालामाल होगी। भारतीय टीम के पास तीसरी बार खिताब जीतने का मौका है तो कीवी टीम की नजर पहली ट्रॉफी पर होगी।



#### 20 प्रतिशत पैसा बढ़ा

आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के लिए कुल 13.5 मिलियन डॉलर (करीब 123.77 करोड़) का प्राइज पूल रखा है। यह 2024 के टी20 विश्व कप की तुलना में करीब 20% अधिक है। पिछले टी20 विश्व कप में आईसीसी ने 11.25 मिलियन डॉलर प्राइस मनी बांटी थी। पिछले टूर्नामेंट की विनर भारतीय टीम को 2.45 मिलियन डॉलर मिले थे। वहीं उप-विजेता साउथ अफ्रीका को 1.28 मिलियन डॉलर प्राइज मनी मिली थी।

#### हारने वाली टीम होगी मालामाल

अब टी20 विश्व कप 2026 में जीतने वाली टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.50 करोड़ रुपये) प्राइस मनी। साथ ही निर्णायक मुकाबले में हारने वाली टीम को 1.6 मिलियन डॉलर (करोड़ 14.67 करोड़ रुपये) मिलेंगे। सेमीफाइनल में हार का सामना करने वाली टीमों को 0.79 मिलियन डॉलर (करीब 7.24 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे।

#### सभी टीमों को मिलेंगे पैसे

- पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से मात दी थी।
- वहीं दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से रौंदा था।
- टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों के हाथ भी खाली नहीं रहेंगे।
- 5वें से 12वें स्थान तक रहने वाली टीमों को 0.38 मिलियन डॉलर (करीब 3.48 करोड़ रुपये) मिलेंगे।
- साथ ही 13 से 20वें नंबर पर रहने वाले टीमों को 0.25 मिलियन डॉलर (करीब 2.29 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे।

#### टी20 विश्व कप 2026 की प्राइज मनी

**विनर:** 27.50 करोड़ रुपये
**रनरअप:** 14.67 करोड़ रुपये
**सेमीफाइनल में हारने वाली टीम:** 7.24 करोड़ रुपये
**5 से 12वें स्थान वाली टीम:** 3.48 करोड़ रुपये
**13 से 20वें स्थान वाली टीम:** 2.29 करोड़ रुपये

#### आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की जीत

- वनडे विश्व कप 1983: भारत ने वेस्टइंडीज को हराया।
- चैंपियंस ट्रॉफी 2002: भारत और श्रीलंका संयुक्त विनर।
- टी20 विश्व कप 2007: भारत ने पाकिस्तान को मात दी।
- वनडे विश्व कप 2011: भारत ने श्रीलंका को शिकस्त दी।
- चैंपियंस ट्रॉफी 2013: भारत ने इंग्लैंड को पटखनी दी।
- टी20 विश्व कप 2024: भारत ने साउथ अफ्रीक को हराया।
- चैंपियंस ट्रॉफी 2025: भारत ने न्यूजीलैंड को धूल चटाई।

#### आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भारत की हार

- चैंपियंस ट्रॉफी 2000: न्यूजीलैंड ने भारत को शिकस्त दी।
- वनडे विश्व कप 2003: ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया।
- टी20 विश्व कप 2014: श्रीलंका ने टीम इंडिया को रौंदा।
- चैंपियंस ट्रॉफी 2017: पाकिस्तान ने भारत को मात दी।
- वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2021: न्यूजीलैंड ने भारत को हराया।
- वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023: ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया।
- वनडे विश्व कप 2023: ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पटखनी दी।

# फूलों की होली और वुमेन्स पावर का आयोजन आज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में रविवार को भट्टारकजी की नसियां में ष्वुमेन्स पावर-2026 और फूलों की होली चंग-ढप रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन आईपीएस मालिनी अग्रवाल ने किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन और महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शाम 4:30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में समाज के गणमान्य श्रेष्ठियों, युवाओं और युवतियों के लिए होली मिलन समारोह रखा गया है।

इस दौरान फूलों की होली, चंग-ढप की धुनों पर रंगारंग कार्यक्रम और बॉलीवुड कलाकारों द्वारा फागुन व होली के फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इससे पूर्व दोपहर 12:15 बजे तोतूका सभागार में वुमेन्स पावर-2026 कार्यक्रम होगा। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभाओं का सम्मान, नारी उत्थान पर मोटिवेशनल उद्बोधन, महिलाओं के स्वास्थ्य पर टॉक शो, टैलेंट शो और नृत्य नाटिका सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही लक्की ड्रा और महिला दिवस स्पेशल बंपर हाउजी का आयोजन भी होगा तथा महिलाओं को विशेष उपहार दिए जाएंगे।

# सामाजिक समरसता उत्सव मनाया



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में किशन भैया स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में पूर्व विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख दिनेश बैद की प्रेरणा से आदर्श विद्या मंदिर व सेवा भारती द्वारा संचालित छः संस्कार केंद्रों पर होली पर्व पर सामाजिक समरसता उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्कार केंद्र के बच्चों को रंग तथा मिठाइयां वितरित की गई। कुछ केंद्रों पर समरसता यज्ञ का आयोजन किया गया तथा कुछ स्थानों पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। बच्चों के साथ अभिभावकों को भी इन उत्सवों में शामिल किया गया। इन उत्सवों के माध्यम से शिक्षकों एवं अतिथि वक्ताओं ने समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर कर, जाति पांति विभेदों से दूर रहकर बच्चों को संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा दी तथा होली पर्व के सामाजिक भारतीय जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों संग होली खेलकर अभिभावकों व शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर ओमप्रकाश मील, ओम प्रकाश पुजारी, लोकेश कुमार चौमाल, नरेंद्र कुमार चौमाल, कृपा शंकर स्वामी, मनोज महर्षि, अनीता देवी, शकुंतला देवी, महावीर प्रसाद एवं शिवलाल नवल उपस्थित रहे ।

# महिला दिवस से विधवा महिलाओं के लिए पेंशन योजना शुरू




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जरूरतमंद और असहाय विधवा महिलाओं को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से सुमित्रा कंवर-सुरेन्द्र सिंह डोबर सहायता समिति ने पेंशन योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। योजना की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से होगी। सामाजिक कार्यकर्ता रणजीत सिंह केशावत ने बताया कि योजना के तहत बड़वा राव समाज की जरूरतमंद विधवा महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन दी जाएगी। पहले चरण में राजस्थान की 100 और मध्य प्रदेश की 20 महिलाओं सहित कुल 120 महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पात्र महिलाओं का चयन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। नियुक्त सामाजिक कार्यकर्ता आवेदन फॉर्म भरवा कर आवश्यक दस्तावेज और दो स्थानीय गवाहों के हस्ताक्षर के साथ समिति को भेजेंगे। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अंतिम चयन किया जाएगा। योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से छह-छह महीने की राशि एकमुश्त दी जाएगी।

इस प्रकार वर्ष में दो बार 6000-6000 रुपये सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे। समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में 25 सामाजिक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। केकड़ी क्षेत्र के लिए रणजीत सिंह केशावत, मेवाड़ अंचल के लिए उदयसिंह रायपुरिया और ढूंढाड़ क्षेत्र के लिए परिक्षित सिंह आसलपुर को जिम्मेदारी दी गई है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रेलर

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में मेगा हाईवे पर संकट मोचन मंदिर के पास गंगानगर से जयपुर की ओर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका पहुंचे मौके पर पहुंचे । घायल चालक को राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल गुरप्रीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी मुक्तसर पंजाब को हायर सेंटर रेफर कर दिया। ट्रेलर पलटने की घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया।




# हर्षोल्लास से मनाया लाइनमैन दिवस

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** विद्युत विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय, खेतड़ी नगर में 7 मार्च को निगम के आदेशानुसार लाइनमैन दिवस 2026 का आयोजन किया गया, जिसमे कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक अभियंता सुरेन्द्र सिंह सैनी ने की और मंच संचालन व मुख्य वक्ता के रूप में स्टोरकीपर बाबू लाल यादव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में कनिष्ठ अभियन्ता अंकुर धनकड व संजय कुमार सैनी भी मौजूद रहे और अपने लाइनमैनों का हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर सर्वश्रेठ प्रदर्शन करने वाले 5 लाइनमैनों सुरेंद्र जांगिड, महेश कुमार मीणा, सुमेर सिंह, राजवीर सिंह व नरेश कुमार को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया और कर्मचारियों को मानसिक तनाव से दूर रखने व मनोरंजन के उद्देश्य से विभिन्न फन एक्टिविटी गेम्स का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया और लाइनमैनों को अपने क्षेत्र में सुरक्षा के साथ कार्य करने की सपथ दिलवाते हुए लाइनमैन दिवस की थीम सेवा। सुरक्षा । स्वाभिमान के साथ कार्य करने का संकल्प दिलवाया गया। इस अवसर पर कार्यालय के कर्मचारी व लाइनमैन सुनीत, हिम्मत, सुरेंद्र ढाका, दिनेश भाटी, हजारीलाल, कुलदीप, संदीप, परमानंद, दौलत, दिनेश यादव, प्रदीप नरेंद्र, शंकर आदि मौजूद रहे।

# महिला से अभद्रता और मारपीट करने वाला मनचला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने शनिवार को सिंधी कैंप बस स्टैंड पर कार्रवाई करते हुए एक मनचले को गिरफ्तार किया है । आरोपी सार्वजनिक स्थान पर एक महिला मित्र को अपशब्द बोल रहा था और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया । पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है । शनिवार को ड्यूटी के दौरान यूनिट की टीम सदस्य सुमन, मुन्नी, ममता और शीला ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंधी कैंप थाने के सहयोग से आरोपी को दबोचा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि कालिका पेट्रोलिंग यूनिट शैक्षणिक संस्थानों, मॉल्स, पार्कों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार निगरानी रख रही है । महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया हेल्पलाइन के पांच नंबर जारी किए गए हैं।

# बीमा क्लेम सहित अन्य प्रमुख मांगो को लेकर किसान 13 को चूरू में रोकेंगे रेल

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में नेशलन हाईवे 11 के पास अखिल भारतीय किसान सभा के द्वारा 13 मार्च को रेल रोको आंदोलन की तैयारी पर चर्चा की गई तथा आयोजित प्रेस वार्ता में किसान सभा के तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भामू ने बताया कि खरीफ2021 का बीमा क्लेम कंपनी और सरकार ने मिलकर सेटेलाइट लगागर दिया है, जो नियम के विरूध है। लगातार आंदोलन के चलते सरकार ने फैसला पलटा भी हैए लेकिन फिर उसी सेटेलाइट को आधार मान कर किसानों से क्लेम हड़पना चाहती है।

बताया कि 13 मार्च को बड़ी संख्या में किसान चूरू जिला मुख्यालय पर रेलवे ट्रैक को रोकने का काम करेगी। वहीं रामकिशन भामू ने बताया कि पिछले महीने फरवरी में सभी तहसील मुख्यालयों पर किसान महापंचायत हुई। महापंचायत में रेल रोको आंदोलन का फैसला कर किसान 13 मार्च को तैयारी में लगे हुए है। जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक आंदोलन होगा जिसकी सभी तहसील कमेटियां तैयारियों में लगी हुई हैं। खरीफ2022 और 2023 का क्लेम सरकार से निकलवाएंगे। इस मौके पर विजयपाल कड़वासरा, जाबीर हामुसर, हड़माना राम भुवाल, भीम आर्मी के तहसील अध्यक्ष श्रवण बारुपाल, लेखराव सहु, गिधाराम घिंटाला, कालूराम नाई, अशोक कच्छावा, शेरसिंह राणा, सांवरमल सैनी, रामवतार सुथार, गोपाल सोनी, भागीरथ मुहाल, हेमंत कच्छावा, तेजाराम घिंटाला, सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे ।

# 54वीं वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नवयुवक मंडल माकड़ो के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम माकड़ो के खेल मैदान में 54वीं वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम सरपंच नरेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेन्द्र मीणा, उपप्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह यादव, मनफूल डैला, भूपेन्द्र डागर, सेवानिवृत्त मेजर हरलाल सिंह, राजेश कुमार, अनिल कुमार तथा नरेश मोई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विजेन्द्र ने बताया कि माकड़ो में हर वर्ष परंपरागत रूप से फुटबॉल की वार्षिक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस वर्ष प्रतियोगिता की विजेता टीम को 51000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 31000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल दिवस पर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे खेलों के प्रति सभी वर्गों में उत्साह बढ़े। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मोई और माकड़ो की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें माकड़ो टीम विजेता रही। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष संजय, विकास डैला, अनुराग, सोनू अगासरा, अभित शर्मा, गौतम, कमल, शिवा, कंगाल सागर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश डागर ने किया।

# फ्लैट में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जयपुर ( नवयत्न )।** करणी विहार थाना इलाके में एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक फ्लैट में रस्सी के फंदे से लटका मिला। मरने से पहले उसने अपने मोबाइल में सुसाइड नोट लिखकर छोड़ा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एसआई कालूराम ने बताया कि जालोर निवासी राजू राम विश्नोई 26 करणी विहार स्थित श्याम हाइट्स अपार्टमेंट के फ्लैट में अपनी बहन के साथ रहता था और चौड़ा रास्ता की एक ज्वेलरी दुकान में काम करता था। होली के कारण उसकी बहन गांव गई हुई थी और वह फ्लैट में अकेला था। इस दौरान उसने रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जहां युवक फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। मृतक के जीजा श्रीराम के अनुसार युवक ने मोबाइल में सुसाइड का कारण लिखा है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल जुटी है।

## वार्ड बाउण्ड्री के मतदाताओं के नाम शामिल करने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राजकुमार तंवर ने उपखंड अधिकारी को एक पत्र लिखकर वार्ड की वोटर लिस्ट में वार्ड के मतदाताओं के ही नाम जोड़े जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि जो वार्ड की बाउण्ड्री है, उस बाउण्ड्री के निवासी मतदाताओं के ही वार्ड में नाम जोड़े जावें। क्योंकि अक्सर देखने में आया है कि कई नेता जिस वार्ड से चुनाव लड़ते हैं, उस वार्ड में अपने समर्थन के मतदाताओं के नाम जुड़वा लेते हैं, जबकि वो दूसरे वार्डों के निवासी होते हैं। अत: इस गड़ण्बड़ी का पूर्णतया निस्तारण करवाया जावे।

# प्रेमभाया महोत्सव 11 मार्च से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हेरिटेज सिटी जयपुर की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए 86वां श्री प्रेमभाया महोत्सव 11 से 14 मार्च 2026 तक युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल बाजार में आयोजित होगा। चार दिवसीय इस भक्ति संगीत समारोह में 250 से अधिक ढूंढाड़ी भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। जिनमें देश.प्रदेश के भजन गायक, संगीतज्ञ और वाद्य विद्वान अपनी संगीतमय हाजिरी लगाएंगे। समिति के संरक्षक विजय किशोर शर्मा ने बताया कि शीतला अष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव जयपुर का एक विशिष्ट भक्ति संगीत समारोह बन चुका है, जिसकी प्रतीक्षा देश-दुनिया में बसे भक्त वर्षभर करते हैं। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 11 मार्च को दिन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री प्रेमभाया सरकार के पंचामृत अभिषेक और नवीन पोशाक धारण कराने से होगी। इसके बाद 11, 12 और 13 मार्च को रात 8 बजे से पूरी रात भक्ति संगीत समारोह आयोजित होगा, जिसमें देश-प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही 12,13 और 14 मार्च को दिन में महिला मंडलों द्वारा भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन 14 मार्च को शाम 7 बजे नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो सत्संग स्थल से शुरू होकर परकोटे के विभिन्न मार्गों से होता हुआ अगले दिन सुबह 7 बजे पुनः सत्संग स्थल पहुंचकर सम्पन्न होगा। भक्त कवि पंडित युगल किशोर शास्त्री ने वर्ष 1940 में जयपुर की ढूंढाड़ी भाषा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को श्श्री प्रेमभाया सरकार नाम देकर भक्ति की इस परंपरा की शुरुआत की थी। तब से युगल कुटीर में प्रत्येक शनिवार को नियमित सत्संग का आयोजन होता आ रहा है। विशेष बात यह है कि इस वर्ष शीतला अष्टमी बुधवार को होने के कारण शनिवार के उत्सव को भी महोत्सव में शामिल किया गया है, जिससे यह आयोजन चार दिवसीय भक्ति संगीत समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** तेरापंथ महिला मंडल के तत्वाधान में शनिवार को कस्बे के थान सुथान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस समाधी केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी मंजूयशा के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की बहिनों ने मगला चरण प्रेरणा गीत से किया। इसके पश्चात महिला मंडल की अध्यक्ष भावना दुगड़ ने स्वागत भाषण के द्वारा महिला दिवस पर विचार रखे। साध्वी मंजूयशा ने कई उदाहरणों के माध्यमों के द्वारा नारी कितनी सशक्त और संबल पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महिला लक्ष्य तय कर ले औश्र मजबूत इच्छा शक्ति से आगे बढ़े तो किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती है। साध्वी मानस प्रभा ने गितिका के माध्मय से तेरापथ सभा के मंत्री हनुमान मल सेठिया, अणुव्रत समिति के अध्यक्ष दानमल बांठिया, महिला मंडल की मंत्री बबीता सेठिया, एडवोकेट आरती डुंखवाल ने महिला दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रेरणा सम्मान किरण देवी सुराणा व गुलाब देवी गोलछा को व सेवा सम्मान पुष्पा देवी दुगड़ व बबीता सेठिया को दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस थाना की दो महिला कांस्टेबल का भी सम्मान महिला मंडल की बहिनों ने किया। कार्यक्रम का संचालन साध्वी चिन्मय प्रभा ने किया।

# शिवपुराण कथा व महामृत्युंजय महायज्ञ के लिए हुआ भूमि पूजन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड में 20 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाली श्री शिव पुराण कथा और श्री महामृत्युंजय महायज्ञ के लिए शनिवार को विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। आयोजन जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के बैनर तले होगा। जिसमें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा शिव कथा का वाचन करेंगे। भूमि पूजन मोहित शर्मा ने कराया। इस अवसर पर मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री और मनोज पांडे ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन से पहले 15 मार्च को ऐतिहासिक कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें करीब 11 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। कथा स्थल पर करीब 4 लाख वर्ग फीट का वाटरप्रूफ पांडाल तैयार किया जा रहा है, जिसमें लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था होगी। पांडाल और यज्ञशाला के निर्माण में पिछले 12 दिनों से करीब 400 कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में संरक्षक सत्यनारायण-पुष्पलता बेरीवाल, विधायक बालमुकुंद आचार्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर चिकित्सा सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# आठवीं मंजिल से गिरने से युवक की मौत

**जयपुर ( नवयत्न )।** सोडाला थाना इलाके में शनिवार को एक युवक की बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई। युवक चार दिन पहले ही बिहार से अपने घर लौटा था। थानाधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि गीजगढ़ विहार रेजीडेंसी निवासी निखिल गुप्ता 30 पुत्र प्रदीप गुप्ता अपने परिवार के साथ आठवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में रहता था और बिहार के गया में एमबी, की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो निखिल लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा मिला। इसी दौरान उसे ढूंढते हुए उसकी मां भी नीचे पहुंच गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

# गोविन्द शर्मा हीरो ऑन दी नेशन अवार्ड से सम्मानित

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** युवा विकास मंच व ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष गोविंद शर्मा को फोर्टलाइज इकोसिस्टम वेलफेयर फाउण्डेशन नासिक की ओर से रामगढ़ शेखावाटी में आयोजित कार्यक्रम में हीरो ऑन दी नेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। गोविन्द शर्मा को प्रशस्ति पत्र व अवार्ड प्रदान कर सम्मान प्रदान किया गया। फोर्टलाईज इकोसिस्टम वेलफेयर फाउण्डेशन नासिक के संयोजक डॉ उपेश सेवदा ने बताया कि गोविन्द शर्मा को उनकी ओर से किये गये समाजसेवा के उत्कृष्ट कार्य, देशहित व अन्य कार्यों के बेहतरिन कार्य के लिए सम्मान दिया गया। फोर्टलाईज इकोसिस्टम वेलफेयर फाउण्डेशन नासिक महाराष्ट्र हर साल समाज, देश व राष्ट्रीय हित के कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाता है। गोविन्द शर्मा को अवार्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान करने पर रींगस में महावीर जोशी, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्रवण सारस्वत, युवा विकास मंच के अध्यक्ष आर्यन पारीक, राहुल, भामाशाह अशोक डाकवाला, कैलाश कुमावत, सुरेश पारीक सहित अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# डिस्टर्ब एरिया बिल के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन का ऐलान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा में पारित डिस्टर्ब एरिया बिल को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताते हुए इसके खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर इस बिल को समाप्त कर दिया जाएगा। इधर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एमडी चोपदार ने कहा कि भाजपा सरकार ने बहुमत के आधार पर यह बिल पारित कराया है, लेकिन कांग्रेस इसे संविधान विरोधी मानती है और इसका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बिल समाज में भाईचारा खत्म करने और हिंदू-मुस्लिम के बीच खाई बढ़ाने का प्रयास है। चोपदार ने कहा कि कांग्रेस इस बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी। पार्टी की लीगल टीम बिल का अध्ययन कर रही है और आपत्तिजनक प्रावधानों को लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बिल के जरिए सरकार कुछ उद्योगपतियों और बिल्डरों को फायदा पहुंचाना चाहती है। उन्होंने बताया कि रमजान के बाद प्रदेशभर में इस बिल के विरोध में धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे और जिलों में कलेक्टरों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर बिल वापस लेने की मांग की जाएगी। चोपदार ने राज्य सरकार पर अल्पसंख्यक विरोधी होने का आरोप भी लगाया।

# क्रिकेट-बैडमिंटन में रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने दिखाया दम




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मान सिंह स्टेडियम में चल रहे स्पोर्ट्स कार्निवल 2026 के दूसरे दिन विभिन्न खेलों में रोमांचक मुकाबले हुए। बैडमिंटन में प्राइमर्क सुपर किंग ने तालुका फाइटर्स को और तालुका फाइटर्स ने मंगल टाइटन को हराया। वहीं लैंटर्न लीजेंड्स और वर्सेटाइल वाइकिंग्स ने एल्फेन रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज की। अब पहला सेमीफाइनल वर्सेटाइल वाइकिंग्स और तालुका फाइटर्स के बीच तथा दूसरा सेमीफाइनल लैंटर्न लीजेंड्स और प्राइमर्क सुपर किंग के बीच खेला जाएगा। क्रिकेट में लैंटर्न लीजेंड्स ने एल्फेन रॉयल्स को 8 विकेट से हराया, जबकि प्राइमर्क सुपर किंग ने मंगल टाइटन को 7 रन से मात दी। दिन के आखिरी मैच में वर्सेटाइल वाइकिंग्स ने लैंटर्न लीजेंड्स को 5 विकेट से हराया। इस दौरान महिला और बच्चों का फ्रेंडली क्रिकेट मैच भी आयोजित किया गया। टेबल टेनिस में किड गर्ल्स वर्ग में अपूर्वा मंगल विजेता और दृष्टि जैन उपविजेता रहीं। किड बॉयज वर्ग में आराध्या मेहता विजेता और मानन अरोड़ा उपविजेता रहे। महिला वर्ग में रानू झमरिया ने खिताब जीता, जबकि आस्था थोलिया रनर-अप रहीं। टीम फाइनल में लैंटर्न लीजेंड्स ने अल्फेन रॉयल्स को हराकर खिताब जीता। रानू झमरिया को बेस्ट विमेन प्लेयर और शरद मैथल को बेस्ट मेन प्लेयर चुना गया। कार्निवल के अंतिम दिन रामबाग गोल्फ क्लब में गोल्फ प्रतियोगिता तथा सवाई मान सिंह स्टेडियम में ट्रैक-फील्ड, फन रन और पुरस्कार समारोह आयोजित होगा।

## रक्तदान शिविर आज

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में रविवार 8 मार्च को रक्तदान सेवा अभियान के द्वितीय चरण में शहर के छह स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। सभा अध्यक्ष सुभाष चंद जैन और महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि मार्च माह के प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य भगवान महावीर के जीओ और जीने दो के संदेश को सार्थक करना है। मुख्य संयोजक राजीव पाटनी ने बताया कि पूरे माह आयोजित शिविरों में 2625 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के अनुसार जयपुर के अलावा प्रदेश में सभा की शाखाओं द्वारा 15 स्थानों तथा जयपुर शहर में 36 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर चूरू के निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों/युवाओं हेतु आई-स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में श्री बनेचंद सरावगी आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय तारानगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी द्वारा आईस्टार्ट के बारे में बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न संस्थाओ के विद्यार्थियों/युवाओं को कहा कि यह प्रोग्राम राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को रोजगार के नए मौके देना, उनके नए आइडिया को आगे बढ़ाना और उन्हें खुद का बिजनेस शुरू करने के लिए मदद करना है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनका भविष्य संवारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग चूरू के संयुक्त निदेशक नरेश टूहानिया ने बताया कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने आस-पास की समस्याओं के व्यवहारिक एवम् तकनिकी समाधान के बारे में भी विचार करना चाहिए जहाँ से आपको एक ठनेपदमे पकमं मिल सकता है। राज्य सरकार की पहल से आईस्टार्ट कार्यक्रम और आईस्टार्ट पोर्टल के माध्यम से स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, कौशल विकास, इनक्यूबेशन और व्यवसाय विस्तार जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जिससे उन्हें अपने व्यवसाय और नवाचार को तेजी से विकसित करने में मदद मिलती है। संभाग इनक्यूबेटर सेन्टर, चूरू की उपनिदेशक विनोद कुमारी ने बताया कि आईस्टार्ट पोर्टल स्टार्टअप्स को मान्यता, उन्नयन, कौशल विकास, प्रोत्साहन और फंडिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। यह प्लेटफॉर्म स्टार्टअप्स को सभी आवश्यक जानकारी और सुविधाओं के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करता है। इनक्यूबेशन सेंटर चुरू में स्टार्टअप को फ्री ऑफिस स्पेस, इंटरनेट, कंप्यूटर, सलाहकार, निवेशकों से संपर्क और अन्य जरूरी मदद दी जाती है। कार्यक्रम में पैजंतज मेंटर जमील अहमद खान द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से आईस्टार्ट के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में कोड चूरू से उपस्थित कम्प्यूटर अनुदेशक जतिन वर्मा ने चूरू में श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के निदेशन में संचालित कोड चूरू कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सीबीईओ बबलेश शर्मा, श्री बनेचंद सरावगी आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल किशन लाल शर्मा सहित विभिन्न स्कूलों के विधार्थी एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव : लवाजमे के साथ निकलेंगे हजारों निशान

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को शहर में निशान यात्रियों का लवाजमा निकलेगा। इस दिन हजारों की तादाद में भक्त निशान लेकर चूरू बाइपास स्थित श्री बन्धे का बालाजी मन्दिर में पहुंचेंगे। शहर के अलग-अलग समूहों के द्वारा इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मन्दिर ट्रस्ट के नरेशचन्द्र गाडिया ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में सतरंगी मेले का आयोजन होगा। इस दिन हजारों की संख्या में भक्तजन निशान लेकर पदयात्रा के रूप में बाबा के दरबार पहुंचकर निशान अर्पित करेंगे। इसके लिए विभिन्न संस्थाओं के बैनर तले भक्तों के समूह बगड़ रोड स्थित गणेश मंदिर, बड़ के बालाजी मंदिर, खेतान मोहल्ला स्थित श्याम मंदिर, चूणा चैक स्थित रामलीला मैदान, मुनी आश्रम, कारूंडिया रोड स्थित खातियों की बगीची, हाउसिंग बोर्ड स्थित डूंगरी वाले बालाजी मंदिर, न्यू कॉलोनी के हनुमान मंदिर, नगर परिषद के निकट स्थित नगर नरेश बालाजी मंदिर, मणि विहार आदि स्थलों से निशान लेकर रवाना होंगे। गांधी चौक में पहुंचकर निशान यात्राओं का संगम होगा। यहां से हाथों में निशान थामे भक्तों का लवाजमा शाहों वाले कुआं, मल्टी परपज स्कूल, रोड नंबर एक, जिला परिषद सर्किल, मण्डावा मोड़, सेंट्रल स्कूल, चूरू बाइपास होते हुए श्री बन्धे का बालाजी मंदिर पहुंचेगा। इस दौरान शहर में व्यापारियों और आमजन द्वारा जगह-जगह पदयात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। छावनी बाजार, नेहरू बाजार, रूद्रावतार बालाजी, शार्दुल छात्रावास, मण्डावा मोड़ आदि जगह पदयात्रियों की सेवार्थ कैम्प लगाए जाएंगे। पदयात्रियों की भारी तादाद को देखते हुए युवाओं की टोलियां निशानों को तैयार करने के काम में जुट गई हैं।

# छात्रों ने दिया स्वच्छता का सन्देश




निसं


**मलसीसर ( नवयत्न )।** स्वच्छ भारत अभियान को गति देते हुए संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने कस्बे में भव्य स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने विभिन्न नारों और संदेशों के माध्यम से स्थानीय जनता को मलसीसर को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक भी किया। विद्यार्थियों ने अपने हाथों में स्वच्छ मलसीसर-स्वस्थ मलसीसर और गंदगी भगाओ, देश बचाओ जैसे प्रेरणादायक स्लोगन वाली तख्तियां थामी हुई थी। रैली के दौरान छात्रों ने दुकानदारों और राहगीरों से अपील की कि वे कचरा डस्टबिन में ही डालें और सार्वजनिक स्थानों को गंदा न करें।

### प्लास्टिक मुक्त भारत का लिया संकल्प

अभियान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा शपथ ग्रहण रहा। स्कूल के शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय दुकानदारों ने सामूहिक रूप से भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने और अपने आसपास के परिवेश को साफ सुथरा रखने की शपथ ली। दुकानदारों ने भी इस मुहिम की सराहना करते हुए दुकानों के बाहर कचरा न फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आश्वासन दिया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नागरिक बोध विकसित करना और समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बावलिया बाबा की जीवनी पर आधारित एलबम जल्द होगा रिलीज

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में जन्मे पूज्य बावलिया बाबा के जीवन पर भक्ति गीतों पर आधारित एक एलबम जल्द ही रिलीज होने जा रहा है जो ऑडियो व वीडियो में होगा। एलबम में 5 भजन हैं जिसको प्रसिद्ध गीतकार क्षितिज कुमार ने लिखा व स्वर बद्ध किया है। इसके निर्माता प्रदीप सोनी हैं। एलबम को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। गीतों में बाबा के जन्म, उनके आध्यात्मिक जीवन और बुगाला गांव से जुड़ी आस्था को शब्दों के माध्यम से दर्शाया गया है। गीतकार व संगीतकार क्षितिज कुमार ने बताया कि इन गीतों के जरिए बाबा के प्रति श्रद्धा और उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। पहले गीत में जन्म लिया बाबा ने बुगाला गांव में, इसके बाद आओ पंडितजी के जाएं, मैंने पूछा बाबा से जीवन क्या है, हीरे,मोती,सोना-चांदी सारे यहीं रह जाएंगे, तेरे चरणों की धूल जो मिल जाए आदि गीतों का समावेश है। ग्रामीणों का कहना है कि बुगाला गांव में जन्मे बाबा की महिमा दूर-दूर तक फैली हुई है और अब इस भक्ति गीतों के माध्यम से उनकी कहानी और भी लोगों तक पहुंचेगी। इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही रिलीज किया जाएगा। गीत के रिलीज होने की खबर से बुगाला और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि यह गीत बाबा की महिमा को और अधिक लोकप्रिय बनाएंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज चूरू आएंगे

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा सुबह 09:35 बजे जयपुर से प्रस्थान कर सवेरे 10:35 बजे पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे तथा हेलीपैड से प्रस्थान कर सवेरे 10:35 बजे जिला खेल स्टेडियम में गौरव सेनानी समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शर्मा शिविरों का निरीक्षण करेंगे तथा वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद सवेरे 11:35 बजे जिला खेल स्टेडियम से हेलीपैड पहुंचेंगे और हंसियावास रिजर्वायर का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद हनुमानगढ़ पहुंचेंगे।

**प्रभारी मंत्री आज आएंगे-** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत रविवार को चूरू आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत सवेरे 7 बजे जयपुर से प्रस्थान कर 10 बजे चूरू पहुंचेंगे तथा 10:30 बजे जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गौरव सेनानी समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वाधान में गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ सभा भवन में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपासिका शोभा देवी सेठिया ने नमस्कार महामंत्र से किया। मंगलाचरण महिला मंडल की बहनों द्वारा किया गया। । स्वागत भाषण महिला मंडल अध्यक्ष राजकुमारी भूतोडिया ने दिया। भाजपा नेता एडवोकेट जयश्री दाधीच ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चरित्रवान नारी समाज के हर पुरूष से आगे है और नारी के समान त्यागी, तपस्वी कोई नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नारी गृहिणी नहीं, बल्कि होम क्वीन है। दिशा शेखावाटी संस्थान की सचिव डॉ. अमृता चौधरी ने कार्यक्रम में कहा कि लगन और धुन के सामने साधनों का अभाव मायने नहीं रखता, इसलिए हमें संसाधनों के अभाव को महत्व देने की बजाय, लगातार मेहनत करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार महिलाओं के जीवन को नई दिशा देने वाले हैं। महिला जागृति समिति की अध्यक्ष सुषमा मूंन्धड़ा ने कहा कि समाज के प्रत्येक तबके की नारी को शिक्षा के जरिये उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। मूंधड़ा ने कहा कि समाज को मजबूत तभी कहा जा सकता है, जब महिला शक्ति सशक्त हो। कार्यक्रम में यंग्स क्लब के गिरधर शर्मा, कोषाध्यक्ष सज्जन बोकाडिया, कन्या मंडल संयोजिका वैशाली फुलफगर, लक्ष्मी, दीपिका शर्मा, सुनीता रावतानी आदि ने विचार प्रकट किए। मंचस्थ अतिथि सुमेरमल सुराणा सुराणा फाउंडेशन, केसरीचंद मालू, मनीष बोरड़, अणुव्रत समिति के महेश तंवर, महावीर मिरणका, उषा तंवर, रानी जैन, डॉ खुशबू सोनी आदि मौजूद रहे, जिनका महिला मंडल पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। आभार ज्ञापन उपासिका शोभा देवी सेठिया ने किया। संचालन मंत्री डॉ पूजा फुलफगर ने किया। कार्यक्रम में द यंग्स क्लब ऑफसुजानगढ़, लायंस क्लब ऑफ सुजानगढ़, दिशा शेखावाटी संस्थान, महिला जागृति समिति, मारवाड़ी युवा मंच एवं गणगौर शाखा, धूम धड़ाका चेरीटेबल ट्रस्ट, सावित्री देवी फुले संस्थान, मरूदेश संस्थान आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# एनएचएआई का कमाल, चार दिन में खाली करो प्रतिष्ठान

निसं




**रींगस ( नवयत्न )।** एनएचएआई जयपुर सीकर हाईवे को 6 लेन बना रहा है। इसके लिए एनएच 52 पर मार्किंग की गई है। यह मार्किंग रोड के बीच सेन्टर से 30 मीटर तक की गई है। मार्किंग से सैकडों लोगों के प्रतिष्ठान व मकान आ रहे है। बताया जा रहा है कि एनएचएआई ने व्यापारियों व मकान मालिकों को अतिक्रमी बता कर चार दिन में हटाने का नोटिस दिया है। इसके बाद व्यापारियों व लोगों में हड़कम्प मच गया। इसके विरोध में मिल तिराहे पर व्यापारियों व लोगों की बैठक आयोजित हुई।

सुरज्ञान धाबाई, झाबरमल बाजिया, किशन सिंह नेहरा,, राजेन्द्र जाखड़, जय प्रकाश पावण्डा सहित अनेक लोगों ने बताया कि एनएचएआई की ओर से मकानों व दुकानों पर अतिक्रमी बताकर मार्किंग की गई है। व्यापारी व रिहायशी इलाको में बने मकान उनके स्वयं के है। पहले उन्हें इसका मुआवजा दिया जाये साथ ही अतिक्रमी का नाम हटाया जायें। लोगों ने बताया कि जब तक मुआवजा नहीं दिया जायेगा तब तक वे यहां से नहीं हटेंगे। सभी गतिबिधियों का मुआवजा व्यावसायिक दर से दिया जाये। एनएचएआई ने चार दिन की समय सीमा लोगों को दी है।

ऐसे में दस दिन तो सिर्फ दुकानों व मकानों का सामान खाली करने में ही लग जायेंगे। समय सीमा बढ़ाई जाये तथा प्रभावितों को तुरंत ही मुआवजा दिया जाये। सर्वे रिपोर्ट में जिनके कागज दिये गये है उसके अलावा जिन्होंने अभी तक कागज नहीं दिये गये है उन्हें इसकी समय सीमा दी जाये ताकि वे भी अपना पक्ष रख सके। एक पक्षीय कार्रवाही नहीं की जाये। इस दौरान मंगल चन्द्र पावण्डा, नेमी चन्द्र वर्मा, शिम्भू दयाल सैनी, हेमन्त सोनी, गिरखारी लाल कुमावत, राजेन्द्र शर्मा, गोपाल रुण्डला, राजेन्द्र जाखड़, विकास निठारवाल, मंगल पावण्डा, भंवर लाल कुमावत, हरलाल नेहरा, हरलाल मील सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गौरव सेनानी समारोह आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन द्वारा आज चूरू के साई स्पोर्ट्स स्टेडियम में गौरव सेनानी समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य जिले की सभी आठ तहसीलों से आने वाले पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं वीरांगनाओं का सम्मान करना तथा उनसे संवाद स्थापित करना है। इस रैली में 6000 से अधिक पूर्व सैनिकों के अभूतपूर्व संख्या में भाग लेने की संभावना है। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के लिए विभिन्न कल्याणकारी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह तथा भारतीय सेना एवं नागरिक प्रशासन के अन्य विशिष्ट गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति भारतीय सेना द्वारा अपने पूर्व सैनिक समुदाय की गरिमा और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी। वर्तमान के जिओ - पोलिटिकल परिस्थितियाँ अत्यंत अनिश्चित और परिवर्तनशील हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में युद्ध जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि राष्ट्र की सुरक्षा के सभी आयामों में हम पूर्ण रूप से तैयार रहें। ऐसे परिदृश्यों में हमारे पूर्व सैनिक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्र की सुरक्षा के द्वितीय एवं तृतीय सुरक्षा पंक्ति के रूप में दृढ़ता से खड़े रहते हैं। उनका अनुभव, क्षेत्रीय विशेषज्ञता और अटूट राष्ट्रभक्ति उन्हें राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर एक सशक्त शक्ति बनाती है। यह रैली पूर्व सैनिकों को पुनः राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। पूर्व सैनिक रैली के माध्यम से भारतीय सेना अपने पूर्व सैनिकों के देशभक्ति पूर्ण योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक व्यापक कल्याणकारी व्यवस्था उपलब्ध कराएगी। इस दौरान स्पर्श पेंशन सेवाएँ, रिकॉर्ड कार्यालयों तथा सीडीए द्वारा सहायता और पेंशन तथा बैंकिंग संबंधी सुविधाएँ प्रदान की जाएगी। नागरिक प्रशासन के स्टॉल राजस्व एवं विधिक मामलों से संबंधित शिकायतों के समाधान, आधार सेवाएँ तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट आर्गेनाईजेशन, कॉर्पोरेट क्षेत्र और बैंकों के प्रतिनिधि पूर्व सैनिकों को सम्मानजनक पुनः रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। रैली के दौरान एक व्यापक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ परामर्श तथा विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। पूर्व सैनिकों के जीवन को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से ई-स्कूटर, वॉकर, श्रवण यंत्र, मरीजों के लिए बेड तथा व्हीलचेयर जैसी सहायक सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर आधुनिक सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन तथा एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जो भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं, जज़्बे और युद्धक क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा। इस समारोह के दौरान पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं वीरांगनाओं को राष्ट्र के प्रति उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। गौरव सेनानी समारोह भारतीय सेना और उसके पूर्व सैनिकों के बीच अटूट संबंध को पुनः सुदृढ़ करेगा तथा उनके सम्मान, गरिमा और कल्याण के प्रति सेना की अडिग प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करेगा।

# बैठक आज

निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** श्री सेवा समिति भवन में रविवार को गणगौर का मेला को लेकर बैठक आयोजित की गई है। श्री सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश शास्त्री ने बताया कि हर साल श्री सेवा समिति के द्वारा यहां पर गणगौर एवं दशहरा पर्व पर रावण दहन का कार्यक्रम किया जाता है। गणगौर का त्योहार आ रहा है ऐसे में गणगौर का मेला की तैयारियों को लेकर यह बैठक रविवार को समिति के भवन में रविवार शाम चार बजे रखी गई है। बैठक में गणगौर मेला की तैयारियां को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190